संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 09 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 09 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



स्मृति ईरानी गईं मक्का-मदीना, मुसलमानों के दूसरे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी का दौरा किया

# बिलकिस गैंगरेप केस: 11 दोषी फिर जेल जाएंगे

= गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, 2 हफ्ते में सरेंडर करें: सुप्रीम कोर्ट, पीड़ित के घर जश्न

**सुप्रीम फैसला**

**8 गुजरात सरकार को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र सरकार को रिहाई के बारे में फैसला लेने का अधिकार है : सुप्रीम कोर्ट**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने** बिलकिस बानो केस में दोषियों की समय से पहले रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र सरकार को रिहाई के बारे में फैसला लेने का अधिकार है। अपराध भले ही गुजरात में हुआ हो, लेकिन महाराष्ट्र में ट्रायल चलने के कारण फैसला लेने का अधिकार गुजरात सरकार के पास नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम छूट की नीति पर सवाल नहीं उठा रहे हैं बल्कि केवल इन लोगों को दी गई छूट पर सवाल उठा रहे हैं। सुनवाई के दौरान दोषियों की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि आजीवन कारावास की सजा पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुधार का मौका भी दिया जाता है तो अपराध जघन्य होने के आधार पर सुधार को बंद नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा था कि हम दूसरे सवाल पर हैं कि छूट देना सही है या नहीं। हम छूट की अवधारणा जो सर्वमान्य है उसको समझते हैं लेकिन यहां हमारा सवाल सजा की मात्रा पर नहीं हैं। हम पहली बार छूट के मामले से नहीं निपट रहे हैं। तब लूथरा ने कहा कि 15 साल की हिरासत का जीवन पूरी तरह से कटा हुआ जीवन है।

24 अगस्त 2023 को कोर्ट ने गुजरात सरकार से पूछा था कि दोषियों की रिहाई पर प्राधिकरण ने स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल कैसे किया?



## घटना के बाद बेहोश हो गई थीं बिलकिस..

इस हमले में केवल बिलकिस, उनके परिवार के पुरुष सदस्य और एक तीन साल का बच्चा बच सका था। घटना के बाद बिलकिस कम से कम तीन घंटे तक बेहोश रहीं। होश में आने के बाद उन्होंने एक आदिवासी महिला से कपड़े उधार लिए। फिर उनकी मुलाकात एक होम गार्ड से हुई जो उसे लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन ले गया जहां उसने हेड कांस्टेबल सोमाभाई गोरी के पास शिकायत दर्ज कराई। सीबीआई के अनुसार, गोरी ने शिकायत के अहम तथ्यों को छिपाया और उसे तोड़-मरोड़ कर लिखा।

## कौन हैं बिलकिस बानो?

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आग लगा दी गई थी। इस घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। आगजनी की इस घटना के बाद गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों की चपेट में आए कई परिवारों में एक बिलकिस बानो का भी परिवार था। गोधरा कांड के चार दिन बार तीन मार्च 2002 को बिलकिस के परिवार को बेहद क्रूरता का सामना करना पड़ा। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकिस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे।

## बिलकिस के साथ क्या हुआ था?

27 फरवरी की घटना के बाद प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे फैल गए। दाहोद जिले के राधिकपुर गांव में बिलकिस बानो का परिवार रहता था। दंगा बढ़ते देख परिवार ने गांव छोड़कर भागने का फैसला लिया। उस वक्त बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं। वह अपने साढ़े तीन साल की बेटी सालेहा और परिवार के 15 अन्य सदस्यों के साथ गांव से भाग गईं। 3 मार्च 2002 को परिवार चप्परवाड़ गांव पहुंचा और पन्निवेला गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से लगे एक खेत में छुप गया। अदालत में दायर आरोपपत्र के मुताबिक, सजा पाने वाले 11 दोषियों समेत करीब 20-30 लोगों ने हसिया, तलवार और लाठियों से लैस होकर बिलकिस और उनके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में बिलकिस की साढ़े तीन साल की बेटी समेत सात लोग मारे गए।

## साढ़े तीन साल की मासूम को पटक-पटकर मार डाला

**पिछले** साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई के दौरान बिलकिस बानो के वकील ने दर्दनाक घटना का बखान किया था। उनकी ओर से पेश वकील शोभा गुप्ता का कहना था कि यह एक आकस्मिक घटना नहीं थी, दोषी उनका पीछा कर रहे थे। दोषी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि वे कहां छिपे हुए हैं। वे खून के प्यासे थे। वकील ने अदालत को बताया कि 'जब बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं, तब उनके साथ कई बार क्रूरतापूर्वक सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी को चट्टान पर पटक कर मार डाला गया था।' वकील ने कहा कि वह हमलावरों से गुहार लगाती रहीं लेकिन उन्होंने उन पर या उनके परिवार पर कोई दया नहीं दिखाई।

# 'यह न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है'



**न्याय**

**8 बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए 11 दोषियों की रिहाई रद्द कर दी। जिसके बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सीपीआई(एम) नेता बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है। वहीं प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा।

**प्रियंका गांधी ने बिलकिस बानो को दी बधाई:** प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच अपराधियों को बचाने वाली थी ना कि पीड़िता को न्याय दिलाने की। गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, जहां दोषियों को बचाने की कोशिश की गई बल्कि पहले भी सरकार ने पीड़ितों की रक्षा करने के बजाय अपराधियों को बचाया है। यह समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार कानून के मुताबिक चले। सरकार पीड़िता को इस जघन्य अपराध के मामले में न्याय दिलाने में नाकाम रही है। सरकार ने सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक दबाव में यह फैसला किया था।

**फास्ट न्यूज**

## 'अंत में हम सभी हिंदू, मंदिर निजी संपत्ति नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**
**अंत में हम सभी हिंदू,** मंदिर निजी संपत्ति नहीं'; कर्नाटक कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कांग्रेस सरकार के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि 'आखिरकार हम सभी हिंदू ही हैं।' बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। भाजपा की सक्रियता को लेकर कई विपक्षी दलों ने इसे राजनीतिक समारोह करार दिया है। कांग्रेस भी निमंत्रण को लेकर कथित रूप से असमंजस में है। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने फैसला लिया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न कर्नाटक में भी मनाया जाएगा। इसे कांग्रेस के अंदर विरोधाभास की तरह देखा जा रहा है। केरल दौरे पर पहुंचे डीके शिवकुमार ने सरकार के फैसले का बचाव करते हुए सोमवार को कहा, 'देखिए, आखिरकार हम सभी हिंदू हैं।' यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आलाकमान ने अयोध्या में आयोजित समारोह में नहीं जाने का फैसला क्यों किया? इस पर उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार पिक-एंड-चूज पद्धति अपना रही है। यह सरकार तय कर रह है कि कार्यक्रम में किसे शामिल होना चाहिए। राम मंदिर कोई निजी संपत्ति नहीं है।

## देश में जून तक खोले जाएंगे 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र

**गोवा: दिव्यांगजन** और वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने के मकसद से देश में जून तक 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र (पीएमडीके) खोले जाएंगे। मौजूदा समय में इनकी संख्या 45 है। गोवा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि पीएमडीके की संख्या बढ़ाने से दिव्यांग लोगों को सहूलियत होगी और उन्हें सहायक उपकरणों के लिए कई किलोमीटर की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। पहले कृत्रिम अंग के लिए कई किलोमीटर जाकर केन्द्रों पर आवेदन देना पड़ता था या फिर कैंप के आयोजन का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब सभी कश्मीर से कन्याकुमारी, लक्ष्यद्वीप के साथ राज्यों में पीएमडीके की शुरूआत की जा चुकी है।

# सीट बंटवारे को लेकर आप-कांग्रेस के बीच मंथन

## आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की: मुकुल वासनिक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने सीट बंटवारे को लेकर सोमवार को बैठक की। इस दौरान दोनों पार्टियों की ओर से सीट बंटवारे और चनावी मुद्दों पर चर्चा की गई। अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर अंतिम फैसला लेना बाकी है। कांग्रेस सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि चुनाव के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की। बातचीत जारी रहेगी और हम फिर मिलेंगे। उसके बाद ही सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। हर चीज पर विस्तार से चर्चा हुई। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे और हम बीजेपी को करारा जवाब देंगे। बैठक में आप की ओर से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और विधायक सौरभ भारद्वाज शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक, दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने हाई कमान से हरियाणा में पांच सीटें गठबंधन में मांग की है।



**चर्चा**

**8 चुनाव के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर एक बैठक की**

## 'पश्चिम बंगाल में पीडीएस घोटाला बहुत बड़ा'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले मामले में जांच एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने कहा कि बंगाल पुलिस ने संदेशखली में तलाशी दल पर हमले में जमानती, गैर-अधिसूचित अपराधों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। हमारे साथ प्राथमिकी की प्रति भी साझा नहीं की गई है। ईडी ने कहा कि स्थानीय पुलिस को सूचित किए जाने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आद्या की गिरफ्तारी के दौरान भीड़ ने उसकी टीम पर हमला किया। इस घटना में भी प्राथमिकी दर्ज की गई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत की। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में संवाद को सुनते हु।

# 'हमारी गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए थे। साथ ही केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आंध्र प्रदेश के नंदयाला के सैयद ख्वाजा मोहिद्दीन के साथ वर्चुअली बातचीत की। छत्तीसगढ़ के कनकेर की रहने वाली भूमिका से भी उन्होंने बात की।

**ये मेरी प्यारी जातियां:** इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हम देश की एक बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए हमारी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर ध्यान दे रही है। ये मेरी चार जातियां हैं। मेरी सबसे प्यारी जातियां।

## 'हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिला लाभ'

**पीएम** मोदी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि सरकार के इन प्रयासों का बहुत बड़ा लाभ हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिल रहा है। आज महिलाएं खुद आगे आकर नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। पहले ऐसी अनेक बहनें थीं, जिनके पास सिलाई, बुनाई, कढ़ाई जैसी कोई न कोई स्किल थी, लेकिन उनके पास अपना काम शुरू करने के लिए कोई साधन नहीं था। मुद्रा योजना ने उन्हें आने सपनें पूरे करने का भरोसा दिया है। आज गांव-गांव में रोजगार और स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं' हमारे देश में किसानों और कृषि नीति को लेकर जो चर्चाएं होती हैं।

# बंगाल में दिख रहा तृणमूल की तरफ कांग्रेस का झुकाव

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**बंगाल कांग्रेस** अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भले आगामी लोकसभा (लोस) चुनाव में तृणमूल कांग्रेस से किसी तरह के समझौते के पक्ष में न हों, लेकिन कांग्रेस हाईकमान ममता बनर्जी की पार्टी के साथ राज्य की 12 लोस सीटों को लेकर बातचीत शुरू करना चाहता है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और राज्य कमेटी के नेताओं में हुई बैठक में ऐसी 12 सीटों की सूची तैयार की गई हैं, जहां आगामी लोस चुनाव में पार्टी के जीतने की संभावनाएं हैं। अधीर उन सीटों पर वाममोर्चा के साथ अथवा अकेले लड़ने के पक्ष में हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान का झुकाव तृणमूल की तरफ दिख रहा है। वह इन सीटों को लेकर तृणमूल के साथ बातचीत करना चाहता है। इनमें पिछले लोस चुनाव में कांग्रेस की बंगाल में जीतीं दो सीटें बहरमपुर व मालदा दक्षिण के अलावा मुर्शिदाबाद व मालदा जिले की सीटें मुख्य रूप से शामिल हैं। इन सारी सीटें मुस्लिम बहुल हैं। दूसरी तरफ तृणमूल पहले ही साफ कर चुकी है कि वह कांग्रेस के लिए दो (बहरमपुर व मालदा दक्षिण) से ज्यादा सीटें छोडने को तैयार नहीं है। ऐसे में कांग्रेस की ओर से बातचीत का प्रस्ताव देने का कोई लाभ होगा या नहीं, यह आने वाला समय ही बताएगा।



# जेल में बंद आप के विधायक से मिले केजरीवाल और मान

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को यहां जेल में बंद आप विधायक चैतर वसावा से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा का 'अत्याचार और तानाशाही' अपनी हद पार कर गई है। आम आदमी पार्टी के नेता केजरीवाल और मान ने रविवार को गुजरात के भरूच जिले के आदिवासी बहुल नेत्रांग इलाके में वसावा के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। जहां दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि वसावा कुछ महीनों में होने वाले आम चुनाव में भरूच लोकसभा सीट से आप के उम्मीदवार होंगे।



## 'भारत-चीन संबंध सामान्य होने की आशा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में- थिंक टैंक- विवेकानंद इंटरनेशनल के एक कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय रिश्तों और राजनीतिक हालात पर बयान दिए। उन्होंने कहा कि एशिया की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं में गिनी जाने वाली-भारत और चीन के आपसी संबंध जल्द सामान्य होंगे, रूस इसे लेकर आशान्वित है। उन्होंने यूरेशिया में सुरक्षा और चीन को लेकर पश्चिमी देशों की तरफ से होने वाली बयानबाजी को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के पास अद्वितीय राजनीतिक ज्ञान और समझ है। दोनों बड़ी सभ्यताएं भी हैं।

**बैठक** अगली राजस्व लोक अदालतें 30 और 31 जनवरी को आयोजित की जाएंगी

# 'लम्बित राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासनिक सचिवों के साथ गत दिवस को मंडे मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पहली राजस्व लोक अदालत से अब तक 65000 से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है। इनमें से 11420 इंतकाल के मामले और 1217 तकसीम के मामले इस वर्ष 4 और 5 जनवरी को आयोजित तीसरी राजस्व लोक अदालत में निपटाए गए। उन्होंने कहा कि अगली राजस्व लोक अदालतें 30 और 31 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि तकसीम के मामलों की निपटान दर 200 प्रतिशत दर्ज की गई है। 3 दिसंबरए 2023 से 5 जनवरीए 2024 तक तकसीम के 1823 नये मामले निपटारे के लिए आए जबकि इस अवधि में तकसीम के 3544 लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लंबित राजस्व मामलों को समयबद्ध निपटाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है, जिससे राजस्व लोक अदालतों को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को घरद्वार पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल आने वाले पर्यटकों को सहज और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए बुनियादी पर्यटन ढांचे को विकसित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार के सभी पर्यटन होटलों, हिमाचल भवन, हिमाचल सदन और विभिन्न विभागों के विश्राम गृहों में क्यूआर कोड आधारित ऑनलाईन भुगतान की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को पर्यटकों को दी जाने वाली सेवाओं में और सुधार सुनिश्चित करने को भी कहा।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना का पहला चरण शुरू किया है, जिसमें राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ई-टैक्सी परमिट की पेशकश की गई है।



**निपटारा**

**8 पहली राजस्व लोक अदालत से अब तक 65000 से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है**

# राज्यसभा चुनावः संजय सिंह ने भरा नामांकन पत्र

## नामांकन कार्यालय के बाहर संजय सिंह पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंचे, समर्थक पहुंचे हुए थे और उनके समर्थन में नारेबाजी की

**नामांकन दाखिल**

**8 सुबह ही 11 बजे संजय सिंह पुलिस काफिले के साथ सिविल लाइन पहुंचे थे**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। सुबह ही 11 बजे संजय सिंह पुलिस काफिले के साथ सिविल लाइन पहुंचे थे। नामांकन कार्यालय के बाहर संजय सिंह पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंचे। जहां पहले से उनके समर्थक पहुंचे हुए थे और उनके समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। नामांकन दाखिल करने से पहले संजय सिंह के पिता दिनेश सिंह ने कहा कि कार्यकताओं को उनकी गिरफ्तारी से हमसे ज्यादा दुख है। संजय सिंह को इस बात की सजा मिल रही है कि वे सच को कड़े तरीके से बोलते थे। पार्टी इसके लिए आभारी है। बीते शनिवार को दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में जेल में बंद राज्यसभा सांसद संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव में नामांकन फॉर्म दाखिल करने की अनुमति दी।

### हाईकोर्ट ने ईडी को जारी किया नोटिस


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में हुए कथित शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह जेल में बंद हैं। जमानत के लिए बीते दिनों उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसके बाद अब हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशायल को नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 नजवरी 2024 की तारीख तय की है। हाल ही में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद वह दिल्ली हाईकोर्ट जमानत के लिए पहुंचे थे।
**तीन माह से जेल में हैं संजय सिंहः** दिल्ली शराब नीति मामले में आप सांसद संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं। संजय सिंह को उत्पाद नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह ने अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को मौद्रिक लाभ हुआ।
22 दिसंबर को ट्रायल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसमें कहा गया कि प्रथम द्दष्टया उनके खिलाफ मामला वास्तविक है और सबूत कथित अपराध में उनकी संलिप्तता को दर्शाते हैं।

### अभी तिहाड़ में बंद हैं संजय सिंह

**दिल्ली** शराब नीति मामले में आप सांसद संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं। संजय सिंह को उत्पाद नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह ने अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को मौद्रिक लाभ हुआ। बीती 22 दिसंबर को ट्रायल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। जिसमें कहा गया कि प्रथम द्दष्टया उनके खिलाफ मामला वास्तविक है और सबूत कथित अपराध में उनकी संलिप्तता को दशार्ते हैं। इसके बाद संजय सिंह ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जिसको लेकर सोमवार को सुनवाई हुई।

# 5.2 डिग्री पर ठिठुरी दिल्ली

## विजिबिलिटी का स्तर हुआ बेहतर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोमवार को** दिल्ली में सुबह के तापमान में और गिरावट रिकॉर्ड दर्ज की गई। अलबत्ता दृश्यता के सुधार बना रहा। दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और ठंड भी बनी रहेगी।
सोमवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रविवार को यह 8.2 डिग्री था। वहीं आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह सात बजे द्दश्यता का स्तर 800 मीटर तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बीच बीच में धूप भी खिली रहेगी, लेकिन ठिठुरन भरी ठंड के हालात बने रहेंगे। अधिकतम तापमान 18 से 19 डिग्री रह सकता है। उधर नए साल के आठवें दिन भी दिल्ली वासियों को प्रदूषित हवा से निजात नहीं मिली। सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 327 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। पिछले करीब हफ्तेभर लगातार गिरावट के बाद पिछले तीन दिन से तापमान में स्थिरता बनी हुई है। रविवार को धूप खिली तो सर्दी से राहत मिली। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन लगातार तापमान में बढोत्तरी होगी।
पिछले दो दिन से तापमान में दो डिग्री सेल्सियस बढोत्तरी के बाद तापमान स्थिर है। दो दिन से दोपहर में हल्की धूप निकलने की वजह से सर्दी से हल्की राहत रही।

# साइबर अपराध में आई 7% की गिरावट

**रोकथाम**

**8 साइबर थाने अलग बनाएं जाने पर साइबर अपराध की रोकथाम ठीक तरह से हो रही है।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** साइबर अपराध में सात प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2021 में राजधानी में साइबर थाने बनाए गए गए थे। पुलिस का मानना है कि साइबर थाने अलग बनाएं जाने पर साइबर अपराध की रोकथाम ठीक तरह से हो रही है।
**पिछले दो सालों में इतने अपराधी हुए गिरफ्तारः** पुलिस ने बताया कि वर्ष 2022 में 1477 केस दर्ज होने के साथ ही 1516 अपराधी गिरफ्तार हुए। 2023 में 1369 केस दर्ज करके 1719 अपराधी गिरफ्तार किए गए। सबसे अधिक साइबर अपराध के केस 159 द्वारका जिले में दर्ज किए गए थे। जबकि शाहदरा जिले में 143, दक्षिण में 129 और उत्तरी में 125 प्राथमिकी हुई थी।
**उत्तरी जिले में सुलझाए 58 केसः** उत्तरी जिला 58 केस सुलझाकर पहले स्थान पर रहा। शाहदरा जिला ने 52 और बाहरी ने 43 केस सुलझाए। ऑनलाइन सामान बेचने के बहाने पूरे भारत में 2100 से अधिक लोगों से चार करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में शाहदरा जिला ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

# पति ने युवक व उसके रिश्तेदार को चाकू मारा

**आरोपी फरार**

**8 पुलिस ने घायल युवक एम डी लड्डू (21) और इसके रिश्तेदार मंजूर (45) को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में पत्नी से बात करने पर गुस्साए पति ने युवक व उसके रिश्तेदार को चाकू मार दिया। शोर शराबा हुआ तो आरोपी मौके पर चाकू फेंककर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक एम डी लड्डू (21) और इसके रिश्तेदार मंजूर (45) को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंजूर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को घटना स्थल से दो चाकू बरामद हुए हैं। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने लड्डू का बयान लेकर आरोपी दाउद और उसके भाई जियाउल रहमान उर्फ जाबुल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से पुर्णिया बिहार का रहने वाला एम डी लड्डू परिवार के साथ 33 फुटा रोड, पांचाल विहार, करावल नगर में रहता है। वह छोटा-मोटा काम करता है। गांव में रहने के दौरान लड्डू की दोस्ती रिश्ते के चाचा दाउद की पत्नी हो गई।



चीफ ऑफ एयर स्टाफ गणतंत्र दिवस परेड के रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए।

# क्या अस्पतालों का बजट मोहल्ला क्लीनिक को किया जा रहा?




**सवाल**

**8 एक व्यक्ति की मौत के मामले में हाई कोर्ट ने केंद्र व दिल्ली सरकार पर गंभीर सवाल उठाया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दो** जनवरी को पीसीआर वैन से कूदने के बाद चार सरकारी अस्पतालों द्वारा भर्ती नहीं करने के कारण हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र व दिल्ली सरकार पर गंभीर सवाल उठाया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार से पूछा कि क्या आपने मोहल्ला क्लीनिक के लिए अलग से बजट आवंटित किया है या फिर अस्पतालों के फंड से इसे वहां पर ट्रांसफर किया है। अदालत ने कहा कि अगर ऐसा किया गया तो अस्पतालों का फंड बढ़ाना चाहिए। मामले में 29 जनवरी को होगी अगली सुनवाईः अदालत ने केंद्र व दिल्ली सरकार को मामले की जांच कर हलफनामा दाखिल करने का दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अस्पतालों में बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी जवाब दाखिल करें। मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता सत्यकाम ने कहा कि इस संबंध में निर्देश लेकर वह जवाब दाखिल करेंगे। अदालत ने कहा कि मैं बीते दो से तीन साल देख रहा हूं दिल्ली में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। अदालत ने कहा कि ये कैसे हो सकता है कि आइसीयू व वेंटिलेटर बेड दिल्ली में उपलब्ध नहीं है। अदालत ने कहा कि आप मानिए की मरीज चार अस्पताल जाता है और किसी में भी उसे बेड नहीं मिलता है। आखिर यह कैसे जारी रह सकता है।

# रेड-ग्रीन लाइन पर भी निजी हाथों में होगी मेट्रो



**प्रक्रिया शुरू**

**8 ग्रीन लाइन पर भी मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंपने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल निगम) ने दिल्ली मेट्रो के सबसे पुराने कारिडोर रेड लाइन (रिठाला-शहीद स्थल नया बस अड्डा गाजियाबाद) पर मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंपने के लिए एक बार फिर नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की है।
इसके साथ-साथ ग्रीन लाइन (कीर्ति नगर-इंद्रलोक-बहादुरगढ़) पर भी मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंपने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। हाल ही में डीएमआरसी ने वायलेट लाइन (कश्मीरी गेट-बल्लभगढ़) पर भी यह व्यवस्था लागू करने के लिए पहल की है। ऐसे में इस वर्ष दिल्ली के चार कारिडोर के 159.72 किलोमीटर नेटवर्क पर मेट्रो परिचालन की कमान निजी एजेंसियों के हाथ में चली जाएगी।
**दोबारा निकाला गया टेंडरः** मौजूदा समय में सिर्फ येलो लाइन पर मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी एजेंसी के हाथ में है। डीएमआरसी ने तीन माह पहले पिछले अक्टूबर में डीएमआरसी ने रेड लाइन पर परिचालन की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को सौंपने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से डीएमआरसी ने इसे रोक दिया था, अब दो जनवरी को डीएमआरसी ने इस कारिडोर पर मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंपने के लिए दोबारा टेंडर किया है।
रेड लाइन के लिए 221 चालक नियुक्त करेगी एजेंसीः इसके तहत डीएमआरसी रेड व ग्रीन लाइन पर छह वर्ष के लिए मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को देगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर निजी एजेंसी रेड लाइन के लिए 221 चालक, सात ट्रेन अधीक्षक व एक ट्रेन प्रबंधक नियुक्त करेगी।
वहीं ग्रीन लाइन की मेट्रो में 143 चालक, सात ट्रेन अधीक्षक व एक ट्रेन प्रबंधन नियुक्त करेगी। इन कर्मचारियों को डीएमआरसी प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद उम्मीद है कि इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर तक निजी एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारी इन दोनों कारिडोर पर मेट्रो परिचालन की जिम्मेदारी संभाल लेंगे।

# नाले में महिला का शव मिलने से सनसनी

**जांच जारी**

**8 शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की पहचान करने में जुटी हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीलमपुर इलाके में नाले में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
सीलमपुर थाना पुलिस प्राथमिकी कर महिला की पहचान करने में जुटी हुई है। महिला की उम्र 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गौतमपुरी में नाले में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने दमकल विभाग की मदद से शव को बाहर निकाला। महिला ने हरे रंग के कपड़े और स्वेटर पहना हुआ था। शव के पास से ऐसा कोई कागजात बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के थानों में पता लगा रही है कितनी महिलाओं की गुमशुदगी के मामले दर्ज हैं।

# शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया, आरोपी फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** डेयरी इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने युवती से रोहिणी स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। लेकिन बाद में युवक के शादीशुदा होने का खुलासा होने पर पीड़िता से झगड़ा कर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। 18 साल की पीड़िता भलस्वा डेयरी इलाके में अपनी सहेली के घर में रहती है। पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि एक साल से उसका इलाके में रहने वाले अजय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले साल जून माह में अजय ने उसे अपने घर बुलाया। उसके परिवार के सभी सदस्य कहीं गए थे। आरोप है कि अजय ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर



उसने शादी का आश्वासन दिया। आरोप है कि उसके बाद से आरोपी ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए। शादी का दबाव बनाने पर 18 नवंबर को आरोपी ने रोहिणी स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। शादी होने के बाद दोनों भलस्वा इलाके में किराए के मकान लेकर पति-पत्नी की तरह रहने लगे।
पीड़िता का आरोप है कि 16 दिसंबर को अजय का छोटा भाई उनके घर आया था। अकेला पाकर उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। 18 दिसंबर को अजय के फोन पर एक महिला ने फोन किया। बात करने पर महिला ने बताया कि वह अजय की पत्नी है और उसका एक बच्चा भी है। अजय के घर आने पर इस बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर अजय उसे छोड़कर चला गया। उसके बाद से उसका फोन बंद है। वह अपनी सहेली के घर आकर रहने लगी। 5 जनवरी को पीड़िता अपनी सहेली के साथ थाने आकर शिकायत

# दिल्ली को राममय करने में कसर नहीं छोड़ेंगी समितियां



**आयोजन**

**8 कालोनियों को दीयों से सजाने तथा आतिशबाजी समेत अन्य आयोजन किए जाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली को** राममय करने में रामलीला समितियां कोर कसर नहीं छोड़ेंगी। अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों को सजाने, शोभायात्रा निकालने, भंडारा, बाजार व कालोनियों को दीयों से सजाने तथा आतिशबाजी समेत अन्य आयोजन किए जाएंगे। यह निर्णय पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित नेशनल क्लब में श्री रामलीला महासंघ की बैठक में लिया गया। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न रामलीला समितियों के 150 से अधिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। दिल्ली में 650 से अधिक रामलीला समितियां हैं।
**रामोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी रामलीला कमेटियांः** बैठक में प्रमुख रूप से चांदनी चौक के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन व दिल्ली भाजपा की मंत्री बांसुरी स्वराज की मौजूदगी रही। तय हुआ कि रामलीला कमेटियां रामोत्सव में बढ़चढ़कर भाग लेंगी। श्री रामलीला महासंघ के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि समितियों के सहयोग से मंदिरों में यज्ञ, हवन, पाठ के साथ भंडारों का आयोजन किया जाएगा। देशी घी के दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। यह भी निर्णय लिया हुआ कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। दीपावली की तरह उस दिन एक दूसरे को उपहार बांटेंगे, जिसमें रामचरित मानस की प्रतियों का वितरण प्रमुख होगा। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि रामचरित मानस प्रत्येक स्कूल, कालेज, सामुदायिक भवन, व्यवसायिक कार्यालयों व होटलों रखी जाएगी। बैठक में गौरी शंकर मंदिर चांदनी चौक के अध्यक्ष गोपाल सेठ एवं कोषाध्यक्ष बलराम गर्ग, पूर्व महापौर जत्थेदार अवतार सिंह, भाजपा नेता महेंद्र नागपाल, इंद्रप्रस्थ रामलीला के सुरेश बिंदल, भागीरथ पैलेस से आशीष ग्रोवर समेत अन्य मौजूद रहे।

# जब दिल्ली के रेस्तरां में 10 लोगों की जान पर बन आइ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के एक रेस्तरां की लिफ्ट में सोमवार को दस लोग फंस गए। इस दौरान उनकी जान पर बन आई। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) ने तीन घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया, तब जाकर सभी को लिफ्ट से बाहर निकाला। इस दौरान पीड़ित लोगों और बचाव दल ने राहत की सांस ली। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में एक रेस्तरां-सह-बार की लिफ्ट में फंसे दस लोगों को तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद सोमवार को बचाया गया। डीएफएस के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि पूसा रोड, ओल्ड राजेंद्र नगर में इल्यूम द सोइर बार में हुई घटना के संबंध में सोमवार तड़के 2:57 बजे एक कॉल मिली।

# तलाकः व्यक्ति को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत मिली



**फैसला**

**8 शादी के दो महीने के अंदर ही महिला अपने पति का घर छोड़कर चली गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तलाक देने से इन्कार करने के पारिवारिक** अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली व्यक्ति की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने ये कहते हुए याचिकाकर्ता पति को तलाक की मंजूरी दे दी कि शादी के दो महीने के अंदर ही महिला अपने पति का घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद महिला ने न तो पति के खिलाफ कोई शिकायत दी और न ही हिंदू विवाह अधिनियम के तहत कोई आवेदन दाखिल किया।
**"याचिकाकर्ता पति तलाक का हकदार":** इतना ही नहीं पारिवारिक अदालत के समक्ष भी पति द्वारा लगाए गए आरोपों का विरोध करने के लिए महिला पेश नहीं हुई थी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए याचिकाकर्ता पति तलाक का हकदार है।
**पति ने पारिवारिक अदालत के निर्णय को दी थी चुनौतीः** साथ ही याचिका को स्वीकार करते हुए पारिवारिक अदालत के निर्णय को रद कर दिया। याचिककार्ता पति ने 22 नवंबर 2022 को तलाक की मंजूरी देने से इन्कार करने के पारिवारिक अदालत के निर्णय को चुनौती दी थी।
**अक्टूबर 2015 में हुई थी शादीः** याचिकाकर्ता का कहना था कि अक्टूबर 2015 में उनकी शादी हुई थी, लेकिन दो महीने के अंदर ही पत्नी घर से चली गई। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि महिला उसे स्वजन से लड़ाई करती थी और उसके दो से तीन लड़कों के साथ संबंध था।

## न्यूज फ्लैश

### एसीबी के इंस्पेक्टर सोमेश तथा डीएसपी के रीडर ईएचसी अशोक कुमार को 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गया गिरफ्तार

**चंडीगढ़: हरियाणा** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में आज एसीबी के दो कर्मचारियों नामतः इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार को अम्बाला से 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस बड़ी कार्रवाई से एसीबी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचारी चाहे कहीं भी किसी भी रूप में क्यों न छिपा हो, एक दिन पकड़ा जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत प्राप्त हुई थी कि एंटी करप्शन ब्यूरो के दो कर्मचारियों द्वारा शिकायत को फाइल करने की एवज में ?100000 की रिश्वत की मांग की गई है। मामले की पड़ताल करने पर पाया गया कि एसीबी के अंबाला में कार्यरत इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार द्वारा फर्जी शिकायत ली गई थी जोकि अधिकृत नहीं थी और इस शिकायत को फाइल करवाने की एवज में शिकायतकर्ता से 100000 की रिश्वत की मांग की गई है। सभी तथ्यों की बारीकी से जांच पड़ताल करने के उपरांत दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने योजना बनाई । इसके बाद दोनों आरोपियों को हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। इस मामले में हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के अंबाला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है। इस बड़ी कार्रवाई से एसीबी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी किसी भी विभाग का क्यों ना हो, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही किया जाना तय है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ दोषियो के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वचनबद्ध है और आगे भी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर - 1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

### आप अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हरियाणा में पांच लोकसभा सीटे मांगी

**चंडीगढ़:** हरियाणा में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों में से पांच सीट देने की मांग कांग्रेस के समक्ष रखी है।

हालांकि कांग्रेस ने सभी दस लोकसभा सीटों पर अपने को-ऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हाईकमान से हरियाणा में पांच लोकसभा सीटें गठबंधन में देने की मांग की है। सुशील गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का तो अभी संगठन भी नहीं बना है। हम बूथ स्तर पर संगठन बना चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी इस देश में लोकतंत्र को खत्म करने का सोच रही है। लोकतंत्र को बचाने के लिए आईएनडीआईए महागठबंधन का गठन हुआ है। देश में ईडी और सीबीआई हर विपक्ष के नेता के पीछे लगी हुई है। विधानसभा चुनाव हम अपने दम पर लड़ेंगे । यह महागठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है।

# '41 श्रेणियों में उपलब्ध कराये जा रहे रोजगार के अवसर'

**अवैध तरीके व डोंकी के रास्ते से नौकरी के लिए विदेशों में जाने वाले युवाओं की मुख्यमंत्री ने ली सुध, अरब देशों व मध्य एशिया पर फोकस करते हुए युवाओं को 41 श्रेणियों में उपलब्ध कराये जा रहे रोजगार के अवसर**



**तर्कसंगत**

**8 च्चे कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाने के लिए आउटसोर्सिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाया है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कच्चे कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाने के लिए आउटसोर्सिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाया है। कच्चे कर्मचारियों को ईपीएफ अंशदान व ईएसआई के नाम पर ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे शोषण की शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और इससे राहत दिलाने के लिए उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन करवाया है। अब मुख्यमंत्री ने कबूतरबाजी, अवैध तरीके व डोंकी के रास्ते से नौकरी के लिए विदेशों में जाने वाले युवाओं की सुध ली है ताकि हरियाणा के युवा विदेशों में न भटकें और वैध तरीके से नौकरी के लिए विदेशों में जाएँ। मुख्यमंत्री मानते हैं कि जिन विभागों में तत्काल मैनपॉवर की आवश्यकता है उसे पूरा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम एक अहम भूमिका निभा रहा है।

## अरब देशों में 41 श्रेणियों में रोजगार के लिए जारी किया है विज्ञापन

**राज्य** सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से फिनलैंड, उज्बेकिस्तान, जापान, यूके, यूएई, सऊदी अरब और इजरायल में 41 श्रेणियों की नौकरियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक युवाओं के पास 10 जनवरी, 2024 तक आवेदन करने का यह आखिरी मौका है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अबू धाबी में हैवी ड्यूटी ड्राइवर, लाइट व्हीकल ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, मेसन, कारपेंटर व कंस्ट्रक्शन वर्क्स से जुड़े कार्यों के लिए आवेदन किये जा सकते हैं। इसी प्रकार, इजरायल के लिए 10,000 मजदूर, यूके में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी अस्पताल के लिए 50 स्टाफ नर्स और दुबई में 50 बाउंसरों (सुरक्षा गार्ड) की भर्ती के लिए भी आवेदन किये जा सकते हैं। इसके आलावा, यूके में नर्स के लिए भी 2,500 पदों की मांग है। इसके लिए ख26,000-29,000/वर्ष (लगभग 27.6 लाख रुपये से 30.7 लाख रुपये) और उज़्बेकिस्तान में हिंदी, अंग्रेजी और रूसी भाषा के ज्ञान वाले ट्रांसलेटर्स के लिए 1,000 डॉलर/माह (83,243 रुपये) पर भी उम्मीदवारों की तलाश की जा रही है। हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विगत वर्षों में हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 1 लाख 10 हजार नौकरियां दी गई है। इसके अलावा, 60 हजार नौकरियां पाइपलाइन में हैं। इतना ही नहीं, पहले से अनुबंध आधार पर कार्यरत 1.08 लाख से अधिक मैनपावर को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया गया है। इसके अलावा अनुबंध आधार पर 17,785 नए कर्मी भर्ती किए गए हैं।

## डिप्टी सीएम ने दिए फायर सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश



**झंडी दिखाई**

**8 दुष्यंत चौटाला ने 40 अग्निशमन बाईक को हरी झंडी दिखाकर पंचकूला से रवाना किया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने आज पंचकूला के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से सात जिलों के 40 अग्निशमन बाईक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शेष 60 बाईक भी जल्द ही बाकी जिलों को सौंप दी जाएंगी। हीरो मोटर कारपोरेशन द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत दी गई हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री को अग्निशमन व आपातकाल सर्विस के डायरेक्टर जनरल डॉ. यशपाल सिंह ने विस्तार से विभाग के कार्यों और समस्याओं की जानकारी दी। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने करनाल, पानीपत, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, जींद और हेड क्वार्टर से आए हुए फायर अधिकारियों से अग्निशमन व आपातकाल की स्थिति से निपटने ओर सिस्टम को और बेहतर करने के लिए चर्चा भी की और उनसे सुझाव भी लिए गए। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्र मे गंभीरता से कार्य करने और अग्निशमन विभाग के मुताबिक फायर सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को जिलों में शिक्षण संस्था, विश्वविद्यालय, कालेज, पैट्रोल, उद्योगों, मैरिज बैंकवेट हाल का निरीक्षण करने और फायर सिस्टम को चैक करने के निर्देश दिए।

## 'सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जिला रोहतक में दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के विद्यार्थियों से विशेष संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चय के साथ एकाग्रचित होकर कड़ी मेहनत कर इस लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने छात्रों को भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों में निहित नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे खुद को समाज के लिए उपयोगी बना सकें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में छात्रों के सवालों के जवाब दिए। सवालों के जवाब में राज्यपाल ने छात्रों को जीवन में सार्वजनिक सेवा लक्ष्य निर्धारित करने और एकाग्रचित्त होकर उनका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी विनम्र, समर्पित और निस्वार्थ सेवा ने उन्हें देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचाया। राज्यपाल ने नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर भी जोर दिया।

## 'लाखों लोग जुड़ रहे संकल्प यात्रा से'

**सहकारिता मंत्री ने गांव खेड़ी मोतला, लोधाना व बिदावास में ग्रामीणों से किया संवाद, केन्द्र व सरकार की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से खुश नजर आ रहे**

**लाभ**

**8 विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश व उत्साह भर रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेशभर में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश व उत्साह भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुडकर सरकार की अंत्योदय व जनहितैषी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल सोमवार को बावल विधानसभा के गांव खेड़ी मोतला, गांव लोधाना व गांव बिदावास में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वर्चुअल संदेश को भी सुना। डॉ बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सामाजिक चिंतन ने देश के नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास भरने का काम किया और उन्हें विश्वास दिलाया है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उनका हक कोई ओर नहीं मार सकता। सरकार ने गरीबों व वंचितों को सरकारी योजनाओं में पहले पायदान पर रखा है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने करीब से समझी जनता की तकलीफें व परेशानियां:** सहकारिता मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का कार्य जन कल्याण के लिए कार्य करना होता है। बहुत सी सुविधाएं व योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों के समक्ष जो परेशानियां आती हैं, उन्हें दूर किया जाए ताकि उनके काम सरलता व सुगमता से हो सके, यह सरकार का दायित्व होता है। पूर्व की सरकारों के समय लोगों को सरकारी योजनाएं व सुविधाएं प्राप्त करने में बहुत कठिनाइयां झेलनी पड़ती थीं। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काटकर लोग थक जाते थे, लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जनता की तकलीफों व परेशानियों को करीब से समझा। वर्तमान सरकार ने देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करते हुए जनता के दर्द, तकलीफों व परेशानियों को दूर करने के लिए नई व्यवस्थाएं बनाई, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ सरलता व सुगमता से मिल सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषकों की ओर से किसानों को खेती में सहायक ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 'हिसार से अप्रैल में शुरू होगी विभिन्न शहरों के लिए हवाई यात्रा'



**बैठक**

**8 प्रदेश में यह एयर कनेक्टिविटी " स्टेट वीजीएफ ( वायबल गैप फंडिंग) " के कांसेप्ट पर होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट से इसी साल अप्रैल में देश के विभिन्न खास शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी , इस संबंध में आज एलिनेस-एयर कंपनी के अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत हुई है, जल्द ही इस कंपनी के साथ एमओयू किया जाएगा। डिप्टी सीएम, जिनके पास सिविल एविएशन विभाग का प्रभार भी है, ने सिविल एविएशन एवं एलिनेस-एयर कंपनी के अधिकारियों की सयुंक्त बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी है। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश में यह एयर कनेक्टिविटी " स्टेट वीजीएफ ( वायबल गैप फंडिंग) " के कांसेप्ट पर होगी ताकि यात्रियों को ज्यादा किराया न देना पड़े। उन्होंने बताया कि फिलहाल हिसार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ , दिल्ली , जम्मू , अहमदाबाद , जयपुर और कुल्लू के रूट पर 70 सीटर हवाओ जहाज चलाने का विचार है। शुरू होने के 90 दिन बाद रूट्स की पुनः समीक्षा की जाएगी और यात्रियों की डिमांड के अनुसार लखनऊ , वाराणसी , अम्बाला समेत अन्य शहरों के लिए भी हिसार से हवाई जहाज चलाया जाएगा। हिसार से एयर कनेक्टिविटी होने के बाद वहां पर डिफेन्स एवं अन्य उद्योग धंधे बढ़ जाएंगे जो कि प्रदेश में राजस्व का बहुत बड़ा स्रोत बन जाएगा।

## बदसूई-खराल में पहुंची संकल्प यात्रा

**लाभार्थी**

**8 व्यक्तियों के कल्याण पर विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गुहला चीका हलके के समुचित विकास के साथ-साथ हर पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के कल्याणार्थ विशेषकर गरीब व्यक्तियों के कल्याण पर विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही है। विधायक ईश्वर सिंह आज गांव बदसूई व खराल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करके फीडबैक लिया। ईश्वर सिंह ने गांव बदसूई के स्कूल में 19 लाख 43 हजार रुपए की धनराशि से व गांव खराल के स्कूल में 13 लाख 34 हजार रुपए की धनराशि से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने गांव खराल में 7 लाख 53 हजार रुपए की लागत से बनी ई लाइब्रेरी का उदघाटन भी किया। उन्होंने कहा कि गांव बदसूई में 4 लाख 40 हजार रुपए की धनराशि से बदसूई से डेरा गुरु अर्जुन देव नगर तक रास्ते का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया है। इसी प्रकार 61 लाख 28 हजार रुपए की धनराशि से बदसूई से हरिगढ़ किंगन सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। इसके निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 43 लाख 66 हजार रुपए की धनराशि से टटियाना, बदसूई से खराल सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया जायगा। उन्होंने गांव खराल मे आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 63 लाख 59 लाख रुपए की धनराशि से खराल से बदसूई सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया गया है।

## ऊर्जा मंत्री ने आंगनवाड़ी वर्कर सम्मान समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवार को जिला सिरसा के गांव पन्नीवाला मोटा में आयोजित आंगनवाड़ी वर्कर सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कबीर धर्मशाला नव निर्मित भवन का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। कार्यक्रम में गांव की आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर को सम्मानित किया। रणजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं क्रियांवित की जा रही हैं।

## विश्वविद्यालय शोध को दें प्राथमिकता: राज्यपाल बंडारू



**बढ़ावा**

**8 उपलब्ध संसाधनों में गुणवत्तापरक शोध को दें बढ़ावा, शोध पत्रों में हो गुणवत्ता व स्पष्टता**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रिसर्च स्कोलर्स का आह्वान किया कि वे उपलब्ध संसाधनों में ही गुणवत्तापरक शोध करें। शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टता होनी चाहिए। स्वयं मेहनत कर आंकड़े एकत्रित करें। शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाये। कभी किसी अन्य व्यक्ति पर निर्भर न रहे। कुछ नया करने की जिज्ञासा रखें तथा मेहनत से कार्य करें। राज्यपाल आज जिला रोहतक में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर में फैकल्टी सदस्यों व रिसर्च स्कॉलर्स से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जायेगी। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य शोध के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने रिसर्च स्कॉलर्स से थॉमस एडीसन के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अनेक शोध किये। उन्होंने कहा कि शोधार्थी तकनीक को अपनाये तथा हमेशा कुछ नया कार्य करने की जिज्ञासा रखें। उन्होंने कहा कि शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टता होनी चाहिए। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन व रिसर्च स्कोलर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने के लिए उद्योग क्षेत्र व मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों के साथ सहभागिता करें। शोध को फैकल्टी सदस्यों तथा साथियों के साथ सांझा करें। गुणवत्तापरक शोध से विश्वविद्यालय की पहचान बनाये। उन्होंने कहा कि जागरूकता भी बहुत जरूरी है। शोध को तपस्या मानकर पूर्ण करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग सहित विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्य व रिसर्च स्कोलर्स मौजूद रहे।

## नई शिक्षा नीति को बनाया जाएगा रोजगार परक: मूलचंद शर्मा

**आईआईएसएफ 2023 का विषय ₹अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच है: शर्मा**



**मिलेगा लाभ**

**8 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न 17 से 20 जनवरी तक**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल समरोह का कर्टन रेजर जारी किया और संस्थान में उपस्थित युवा वैज्ञानिकों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोसर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ 2023 का विषय "अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच" है। मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ 2023 के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए जबरदस्त काम के लिए आईआईएसएफ 2023 के आयोजकों को बधाई दी और आईआईएसएफ 2023 को एक शानदार सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया। शया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में औद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है। मूलचंद शर्मा ने कहा कि साइंस फेस्टिवल महाकुंभ में जो भी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार को 17 से 20 जनवरी तक मिलेगी उसे हर संभव रूप से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का वैज्ञानिक विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है।

## हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना ही लक्ष्य है : ओम प्रकाश

**'सरकार नागरिकों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है'**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को हरियाणा के जिला नारनौल के गांव ढाढोत और माधौगढ़, अटेली खंड के चंदपुरा और धनौंदा, नांगल चौधरी खंड के गांव भुंगारका, निजामपुर खंड के रावता की ढाणी व बायल तथा सिहमा खंड के आजमनगर में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। गांव आजमनगर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं चंदपुरा में अटेली विधायक सीताराम यादव, रावता की ढाणी व भुंगारका में नांगल चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह यादव व माधौगढ़ में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। हरियाणा प्रदेश में आम आदमी के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है।

अटेली विधायक सीताराम यादव ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया में बज रहा भारत का डंका : बख्शीश सिंह विर्क

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कुताना गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे सैकड़ों ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव, वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड व कई अन्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति के लाभ से भी अवगत कराया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत के संदर्भ में शपथ भी ली।

उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों के स्टालों का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशवासियों द्वारा दी गई एक-एक वोट आज विश्व स्तर पर हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी है। आने वाले 25 सालों में हम आजादी के 100 वर्ष जब पूर्ण करने जा रहे होंगे तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुके होंगे। उन्होंने कहा कि भारत बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। आने वाले समय में दुनिया को भारत की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ है, वहीं बहुत से क्षेत्र हैं जहां हम आत्मनिर्भर भी हुए हैं। इस मौके पर गांव के खिलाडियों, सामाजिक कार्यकताओं और मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में उज्ज्वला योजना के तहत मौके पर ही दो महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए गये। इस अवसर पर एससीपीओ रवि कुमार, बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह, गांव की सरपंच परमजीत कौर, प्रेम पाल पंचायत मैंबर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अब पैक्स के माध्यम से पीएम जन-औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी: अमित शाह

**लखनऊ:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को 5 राज्यों के पैक्स को प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केंद्र के संचालन के लिए स्टोर कोड वितरित करने के कार्यक्रम में यह स्पष्ट किया कि, अब पैक्स के माध्यम से पीएम जन-औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने वाले शाह की देख-रेख में देश भर की 2,373 पैक्स को सस्ती दवा की दुकान यानी जन-औषधि केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। अंत्योदय की राजनीति करने वाले दिग्गज नेता अमित शाह के इस कदम से अब पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और किसानों को भी सस्ती दवाइयाँ मिल पाएंगी। इसके पहले इसका फायदा सिर्फ शहर के गरीबों को ही मिलता था, क्योंकि जन-औषधि केंद्र ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। बीते 10 साल में मोदी सरकार में फार्मेसी के क्षेत्र में ढेर सारे सुधार हुए हैं और आज पूरे विश्व में भारत फार्मा क्षेत्र में अग्रणी उत्पादक देश बन गया है। दुनिया भर को दवाएँ भेजने वाले भारत में 60 करोड़ की आबादी महंगी दवाएँ खरीद ही नहीं पाते थे। लेकिन अमृतकाल में जेनरिक दवाओं की व्यवस्था को स्ट्रीमलाइन कर भारतीय जन-औषधि केंद्र के माध्यम से 60 करोड़ गरीबों तक दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं। आज ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा सुधार हुआ है। मोदी जी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को साकार करने की दिशा में दिन-रात जुटे शाह की नीतियों के तहत अब सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से सुदूर गाँवों तक जन-औषधि केंद्रों की पहुँच बढ़ रही है। शाह का स्पष्ट मानना है कि सहकारिता एवं स्वास्थ्य का यह संगम समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का संगम है। आज कई राज्यों में सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से पैक्स की शुरूआत हुई है और लगभग 2,300 पैक्स गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में ग्रामीण क्षेत्र में सस्ती दवाइयाँ पहुँचाने का काम कर रहे हैं। पाँच पैक्स को सिंबॉलिक सर्टिफिकेट भी दिए गए जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। गरीबी को मिटाने और गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय 2 लाख नए पैक्स बनाकर हर पंचायत तक पैक्स पहुँचाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। स्वास्थ्य सुधार के लिए बीते 9 सालों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, मलेरिया मुक्त भारत, सार्वभौमिक टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, फिट इंडिया, खेलो इंडिया और डायलिसिस प्रोग्राम जैसे ढेर सारे कार्यक्रमों का जाल बुन दिया गया है।

# शहर में नगर निगम के 6 रैन बसेरे, बेघर व्यक्ति बाहर न सोएं: अभिषेक

## रैन बसेरों में कम्बल, गद्दे, हीटर, बिजली-पानी व शौचालय जैसी सुविधाएं हैं उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नगर** निगम की ओर से शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बनाए गए रैन बसेरे बेघर लोगों को आश्रय देकर उन्हें कडकती ठंड से बचा रहे हैं। इनमें एक स्थाई और 5 अस्थाई रैन बसेरे हैं, जिनमें बेसहारा व्यक्ति रात गुजारते हैं। रैन बसेरे किस-किस लोकेशन पर स्थापित हैं, इसके लिए नगर निगम की ओर से शहर की विभिन्न लोकेशन पर फ्लैक्स बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि बाहर से आए बेघर



व्यक्ति को इनकी जानकारी मिल सके। रैन बसेरों में गर्म कम्बल, गद्दे, हीटर, पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं दी गई है। सभी रैन बसेरे अच्छी कंडीशन में रहें, इसके लिए चौकीदार की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनकी साफ-सफाई के लिए एक-एक सफाई कर्मी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

इन स्थानों पर लगाए बोर्ड- नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि रैन बसेरों की जानकारी के लिए शहर की विभिन्न मुख्य जगहों पर फ्लैक्स बोर्ड प्रदर्शित किए गए हैं। ऐसे बोर्ड पुराना बस अड्डा, महर्षि वाल्मिकी चौक, सैक्टर-6 स्थित सांई बाबा मंदिर चौक, आई.टी.आई. चौक, गुरू ब्रह्मानंद चौक, मेरठ रोड स्थित ताऊ देवी लाल चौक, निर्मल कुटिया चौक, बुढ़ाखेडा मंगलपुर चौक, बगवाडि़ा गैस एजेंसी चौक, मुगल कैनाल स्थित लेबर चौक, महाराजा अग्रसेन चौक तथा नमस्ते चौक पर बोर्ड लगाए गए हैं।

निगमायुक्त ने बताया कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो शहर में यहां-वहां रात गुजारते हैं, अर्थात इनके पास अपना कोई घर नहीं है, लेकिन सर्दी में खुले में रात गुजारना दुष्कर है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इनमें से एक शहर के प्रेम नगर में स्थाई रैन बसेरा हैं, जिसमें करीब 80 व्यक्तियों के ठहरने का इंतजाम है।

## सामान से लदे ट्रक को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। थाना** सिविल लाइन की पुलिस चौकी सेक्टर 13 की टीम ने आरोपी मोहम्मद एहसान पुत्र शमशाद वासी माडी वाला टाउन मणिमाजरा चंडीगढ़ और शमशीद अहमद पुत्र मोहम्मद फारुख वासी कच्ची कॉलोनी धनास चंडीगढ़ को निर्मल कुटिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल सेंट्रो कार भी बरामद की है। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से लूटा गया ट्रक और उसमें लोड सामान भी बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में 24 दिसंबर को ललन कुमार वासी गुरुनानक नगर तिलकवेस्ट, दिल्ली ने शिकायत दी थी कि 23 दिसंबर को उसका ट्रक एचआर55एक्यू-9070 जो कि अलीपुर उत्तर प्रदेश से सामान का लोड होकर जम्मू के लिए चला था, को पांच अज्ञात आरोपियों ने मेरठ चौक करनाल के पास से सामान सहित लूट लिया था और उसके ड्राइवर को भी कार में लेकर चले गए थे। इसके बाद ड्राइवर से भी पैसे छीनकर उसको यमुनानगर जंगल में छोड़ दिया था। ड्राइवर के यमुनानगर



से किसी तरह वापिस आने पर मालिक को सारी आपबीति बताने पर मालिक ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सामान सहित ट्रक लूटने और ड्राइवर को किडनैप करने बारे शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में किडनैप कर लूट करने के जुर्म में आईपीसी की धारा 365, 392 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## करनाल के अंकित राणा ने जीता मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। कर्णनगरी के** युवा मॉडल अंकित राणा ने अपने शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अंकित ने नोएडा फिल्म सिटी में आयोजित मिस्टर एशिया सुपर मॉडल-2023 प्रतियोगिता में मिस्टर हरियाणा का खिताब अपने नाम किया, जिससे उनके प्रशंसकों में खुशी का माहौल है।



अंकित करनाल जिला के गांव कैरवाली के रहने वाले हैं। अंकित ने बताया कि नोएडा फिल्म सिटी में मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से पहुंचे मॉडल्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। करनाल से अंकित ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मॉडलिंग में मिस्टर हरियाणा का खिताब जीता। इस दौरान टीवी जगत की प्रसिद्ध शख्सियत एवं जाने-माने मॉडल प्रिंस नरूला और अभिनेता एवं इंटरनेशनल मॉडल रोहित खंडेलवाल ने अंकित राणा को सम्मानित किया। इसके बाद करनाल पहुंचने पर अंकित राणा का जोरदार स्वागत किया गया। करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी अंकित राणा को सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अंकित राणा ने कहा कि भविष्य में भी वे अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर अंकित के पिता ओमप्रकाश राणा, एनपी सिंह प्रधान राजपूत महासभा, रणदीप राणा ज्मालापुर, मनीष राणा सरपंच कैरवाली, सतीश राणा कैरवाली, विकास शर्मा, ओमवीर राणा, जसवीर राणा, बृजपाल राणा, बसंत राणा, मनीष राणा, राजेंद्र राणा, विकास कल्याण, प्रवीण भारद्वाज, विकी राणा, अंग्रेज सिंह, सागर शर्मा, हरवीर सिंह, कृष्णा जागलान, सुशील राणा, हर्षाय विग, कुनाल मदान, पारस गिरधर, साहिल मल्होत्रा, कृष्णा रोड, भूपेंद्र नौतना, राजेश, राय सिंह व मोनू राणा सालवन सहित अन्य मौजूद रहे।

## 16 ग्राम 80 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। मंगलौरा** पुलिस चौकी की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी रणजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह वासी रामनगर करनाल को मोटरसाइकिल पर जाते हुए मंगलौरा के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पॉलिथीन में 16 ग्राम 80 मिलीग्राम से स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी रणजीत के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी रणजीत यह स्मैक उत्तर प्रदेश के भूरा गांव से किसी व्यक्ति से लेकर आया था, जिसको इसे चलते-फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत पर बेचना था। आरोपी स्मैक के सेवन का भी आदी है।

## गांव गोंदर के युवक पर दो नकाबपोश बाइक सवारों ने की फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले के** गांव गोंदर में दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। युवक को दो गोली लगी हैं, जिसमें से एक गोली घुटने पर लगी है और दूसरी जांघ पर। फायरिंग के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में युवक को परिजनों ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन युवक को प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी गोली निकाली। युवक की हालत नॉर्मल है। वारदात के बाद निसिंग पुलिस



एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इक्के किए। घायल के बयानों के आधार पर पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोंदर निवासी 24 वर्षीय मुकेश पुत्र मेवा राम एक ड्राइवर है। रविवार रात को वह अपने भाई राकेश, जीजा सचिन और मोहित के साथ दिल्ली से घर लौट रहा था। मुकेश ने बताया कि वह अपनी गाड़ी को मोहित के घर पर खड़ा करके घर वापस लौट रहा था। वह अकेला ही घर लौट रहा था। समय करीब नौ-साढ़े नौ बजे का था। अंधेरा काफी था और कोहरा भी था। वह शमशान घाट के पास पहुंचा ही था, तभी डाचर की तरफ से एक स्प्लेंडर बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश आए, जिनके हाथ में पिस्तौल थी।

मुकेश ने बताया कि बाइक पर चलते-चलते ही पीछे बैठे बदमाश ने उस पर फायर कर दिया। गोली उसके घुटने में जा लगी और वह वहीं पर गिर गया। वह उठने लगा तो बदमाशों ने बाइक रोककर एक और फायर किया और गोली उसकी दाहिनी जांघ में जा लगी।

## मंगलौरा, अमृतपुर कलां नगला मेघा पहुंची संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव मंगलौरा, अमृतपुर कलां और नगला मेघा पहुंची। इस मौके पर घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की कि वे काम करने वालों और झूठे नारे देने वाले नेताओं में अंतर समझें। यह भी अनुरोध किया कि नए मकान बनवाने जैसे लंबित कार्यों के प्रति थोड़ा इंतजार करते हुए संयम रखें। आगामी तीन-चार सालों में उन सभी बीपीएल कार्ड धारकों के नए मकान बनाए जाएंगे, जो इस समय खस्ता हालत में हैं। मंगलौरा में उन्होंने अमृतपुर खुर्द तक की करीब सवा दो किमी लंबी और एक करोड़ 18 लाख



रुपए की लागत से बनी नई सडक का उद्घाटन किया। नगला मेघा में बताया कि गांव में कम्यूनिटी सेंटर के अलावा श्मशान घाट की चारदीवारी के लिए 20 लाख की ग्रांट मंजूर हो चुकी है। अमृतपुर कलां में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राणा, मंगलोरा में मनजीत और नगला मेघा में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार व प्रवीण कुमार ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तीनों गांवों में

**विकास कार्य**

**8 राज्य में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार और गांव नगला मेघा में 1060 नये बीपीएल कार्ड बने हैं**

विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। मंगलौरा में उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश भी सुना। इस मौके पर हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। अमृतपुर कला में भाजपा के जिला चुनाव संयोजक जगदीश राणा ने और नगला मेघा में धीरज खरकाली ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। खरकाली ने विधायक द्वारा गांव में 9 साल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने इस अवसर पर यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी।

साथ ही बताया कि यात्रा के दौरान हर गांव में 80 से 100 लोगों के काम हो रहे हैं। सरकार का प्रयास है के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से राज्य में 19 लाख और घरौंडा हलके में 27 हजार और गांव नगला मेघा में 1060 नये बीपीएल कार्ड बने हैं। इन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## भाजपा राज में नशे, महंगाई व भ्रष्टाचार का हुआ विकास: मनिंदर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। युवा** कांग्रेस ने आज शहर में जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी के नेतृत्व में नशे के बढ़ते कारोबार, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने रोष मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि भाजपा सरकार की नाक तले शहर में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार ने जिन अपराधियों की प्रोपर्टी तोडने.का अभियान चलाया था, अब फिर से उनका नशे का धंधा फल-फूल रहा है। सीएम आवास के चारों ओर नशे का व्यापार धड़ल्ले से हो रहा है, लेकिन अब इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल है। सरकार की मंहगाई पर कोई लगाम नहीं है। गरीब का जीना मुश्किल हो गया है। आज आम आदमी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। भाजपा सरकार के राज में केवल भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ी है। युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सहित अन्य खाद्य सामग्री की कीमतों में हुई बढ़ोतरी पर रोक नहीं लगा रही है। महंगाई से देश की जनता बेहाल है। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमत से देश की आम जनता पहले से ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के शहरी जिलाध्यक्ष जागीर सैनी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम मल्होत्रा, नरेन्द्र कुमार जोगा आधी रीना तोमर, सुमित वाल्मीकि, कर्ण वाल्मीकि, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष तेजान, पूर्व युवा अध्यक्ष गौरव शर्मा, गौतम शर्मा, अभिषेक संधू, अंकित वाल्मीकि, गगन सिंह, सुमित वाल्मीकि, राजा, अमन, चांदी बाजवा, अमन संधू, तपन गोगिया, गौतम शर्मा, हिमांशु शर्मा, काली चरण, राजेश कुमार राव, सन्नी चंदेल, कुनाल देवगन, गौरव चोपड़ा, एहसास अरोड़ा, मेजर विर्क, राघव, सौरव वाल्मीकि, अंकित बागडी, काशी सिंह, रोहित सेठी, विशाल, सुमित आदि मौजूद रहे।

## पटवारियों की जारी हड़ताल से लोग हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला में** 3 दिन के सांकेतिक धरने के बाद पटवारियों की हड़ताल आगे बढ़ती ही जा रही है। बावजूद इसके सरकार पटवारियों की ओर ध्यान देने को बिल्कुल तैयार नहीं है 10 जनवरी तक पटवारियों ने हड़ताल बढ़ा दी है और सरकार की वायदाखिलाफी से खफा पटवारियों ने सरकार को सीधे शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। कड़ाके की ठंड में पटवारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं परिणाम यह है कि लोगों के कामकाज भी ठप हो गए हैं। लेकिन पटवारियों की कोई सुनवाई होती नजर नहीं आ रही सरकार की वादाखिलाफी से परेशान होकर पटवारी धरने पर बैठे हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जब से वह धरने पर बैठे है।

## कैरियर में फोकस प्लानिंग प्रमुख कदम: डॉ. कुलवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति सुधीर राजपाल के मार्गदर्शन में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों की खोज पर केंद्रित एक प्रबुद्ध कार्यशाला का आयोजन किया। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता के प्रयासों से निर्देशित कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को इन क्षेत्रों के विशाल दायरे और संभावित अवसरों के बारे में बताना था।



मुख्य वक्ता डॉ. कुलवीर सिंह बंगरवा ने करियर पथ को आकार देने में रणनीतिक योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में गहनता से अध्ययन किया, जिससे छात्रों को सक्रिय रूप से ऐसे अवसरों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने इन उद्योगों में नौकरी की प्रचुर संभावनाओं पर जोर दिया और इन रिक्तियों का लाभ उठाने के लिए सक्रिय जुड़ाव और सावधानी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कई आधिकारिक प्लेटफार्मों की सिफारिश की, जो उपयोगी कैरियर संभावनाओं के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते हैं। छात्र कल्याण निदेशक प्रो.रंजन गुप्ता ने अवसरों का लाभ उठाने और व्यक्तिगत लक्ष्यों के बारे में स्पष्टता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे आशंकित न रहें, बल्कि कृषि और बागवानी में उपलब्ध असंख्य करियर मार्गों को आगे बढ़ाने में सक्रिय रहें। कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर अंजनथली के डीन डॉ. रमेश गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि स्पष्ट दृष्टि के साथ आकांक्षाओं को संरेखित करना दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है।

## प्रतिदिन गांवों-गांवों में पहुंच रही 'संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' सोमवार को नीलोखेड़ी क्षेत्र के गांव शेखनपुर व चोपड़ी में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर कुंजपुरा ब्लॉक के गांव बजीदपुर में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मेहर सिंह कलामपुरा ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद' का



गर्मजोशी से अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा से वर्चुअल तौर पर जुड़े और उपस्थित जनता ने उनका संदेश सुना।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति कर रहा महसूस : सुभाष चन्द्र**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद कार्य के तहत शेखनपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं देश में शुरू हुई हैं। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, सरपंच शेखनपुर सरदार मलकीत सिंह, जिला पार्षद विक्रम राणा, सरपंच सुल्तानपुर जसमेर, सरपंच गालीबखेड़ी सरदार अमर सिंह, सरपंच भैणी कला सुशील, सरपंच गोबिंदगढ़ अवतार सिंह, पर्व सरपंच शेखनपुर कुलविंदर सिंह(बिट्टू), पार्षद लखविंदर सिंह, पार्षद प्रमोद, दिलप्रीत सिंह, जे ई जसप्रीत सिंह, जय भगवान, राजवीर, हरपाल सिंह नंबरदार, प्रधान करम सिंह, लखविंदर सिंह, हरबंस सिंह, सुखविंदर, अजैब सिंह आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सम्मान बढ़ा**

**8 नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा**

**मोदी की गारंटी है, गरीबों का विश्वास : धर्मपाल गोंदर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद कार्य के तहत गांव शेखनपुर व चोपड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि 'मोदी की गारंटीइ गरीबों का विश्वास है।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना असंध** की टीम ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पवन कुमार पुत्र धर्म सिंह वासी गीतापुर करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से दस हजार रुपए बरामद किए गए। इस संबंध में मनोज कुमार पुत्र जगदीश सिंह वासी रहडा ने शिकायत दी थी कि नामजद आरोपी ने शिकायतकर्ता के साले अभिषेक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी की है, जिसमें



आरोपी शिकायतकर्ता को असंध में एक कोचिंग सेंटर पर मिले थे और आरोपी ने शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाया था कि वह बच्चों को विदेश भेजने का काम करता है और बहुत से बच्चों को विदेश भेज चुका है, जो आज के समय बहुत पैसा कमा रहे हैं। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने भी बीस लाख रुपए में अपने साले अभिषेक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए बात पक्की कर ली और आधे पैसे काम होने से पहले और आधे बाद में देना तय हो गया। शिकायतकर्ता ने आरोपी को अभिषेक के सभी कागजात और दस लाख रुपए दे दिए। आरोपी ने शिकायतकर्ता को समय दे दिया, परंतु समय बीत जाने के बाद आरोपी ने फोन उठाने बंद कर दिए और जब शिकायतकर्ता आरोपी से मिलने गया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा और पैसे देने से मना कर दिया।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में हसीना की फिर ताजपोशी

**पड़ोसी** मुल्क बांग्लादेश के संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियों के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढ़ाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए। मगर जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। हसीना फिर सरकार बनाएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि बांग्लादेश चुनाव आयोग की उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत तकरीबन चालीस फीसदी रहा। कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब यह साफ है कि शेख हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी। हसीना के अलावा भारत भी यही चाहता है, क्योंकि दोनों देशों के प्रमुखों की कूटनीति और सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हित में हैं। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्ल यानी बीएनपी के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुल 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी बीएनपी ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनाव में हो? जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती है। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज़िक किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। घर पर होतीं तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हे भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया। बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है।

# क्यों कहलाने लगे मोहन यादव आते ही ताकतवर सीएम?

ऋतुपर्ण दवे

> “बुरहानपुर के शाहपुर में 90 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाना बताता है कि प्रदेश में कई पुरानी फाइलें बिना भेदभाव, फिर खुलेंगी। अब अतिक्रमण से लेकर तमाम भ्रष्टाचारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व और दूसरे विभागों में बिना चढ़ोत्री काम नहीं करने वाले मठाधीश बने बाबू से लेकर अफसर, सभी सकते में हैं। फर्जी डिग्रियों और झूठे प्रमाण-पत्रों से शान से नौकरी कर रहे फजीर्वाड़ियों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। शिक्षा की बेहतरी उनकी प्राथमिकता है”

**मध्यप्रदेश में** मौजूदा भाजपा सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को शुरूआत में अलग नजरिए से देखा जा रहा था। जहां विपक्ष बगावत का धुंआ सूंघ रहा था और वहीं सत्तादल में वरिष्ठों को लेकर जबरदस्त कानाफूसी हो रही थी। लेकिन, अनुशासन को लेकर किसी भी प्रकार की चूं-चपड़ को बर्दास्त न कर, विशिष्ट कार्यशैली से पहचान बना चुके भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उस मिथक को बरकरार रखा कि मोदी-शाह की थैली में क्या है, उनके सिवाय कोई नहीं जानता। वही सच निकला। हां, शिवराज सिंह चौहान का बदला व्यव्हार और दिल्ली न जाकर मध्यप्रदेश में ही रहने की दुहाई और सक्रियता जरूर अटपटी लगती रही।

यूं तो डॉ. मोहन यादव का नाम मध्यप्रदेश की राजनीति में नया और बड़ा भी नहीं था। एक सवाल हर सबके मन में कौंधता रहा कि तमाम दिग्गजों के रहते वही क्यों? हालाकि जवाब पहले छत्तीसगढ़, बाद में राजस्थान से काफी कुछ मिला भी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की रणनीति कहें या पार्टी के अन्दरखाने में खुद को क्षत्रप मानने वालों को जवाब या नसीहत जो भी, एक तीर से कई निशाने साधे गए। मध्यप्रदेश में 2003 से लगातार भाजपा काबिज है, सिवाय बीच के 15 महीनों को छोड़कर। उसमें भी 17 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज रहे। ऐसे में नए नेतृत्व को कमान के कई मायने हैं। ऐसी ही चौंकाने वाली परिस्थितियों में 29 नवंबर 2005 को शिवराज भी मुख्यमंत्री बने थे। बाबूलाल गौर के खिलाफ बगावत के चलते नए चेहरे के तौर पर प्रमोद महाजन ने उन्हें प्रस्तावित किया जिस पर तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की सहमति थी। 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम काफी बाद में आने से कयास लगने लगे कि इस बार शिवराज के लिए हालात मुश्किल भरे होंगे। कई बार टिकट पर संदेह हुआ। इधर मोहन यादव को नेतृत्व सौंपने की तैयारी बहुत पहले शुरू हो चुकी थी। ये बात अलग है कि तब प्रदेश राजनीति को बूझने वाले समझ नहीं पाए या समझ कर भी खामोश रहे।

कई सिलसिलेवार घटनाक्रमों से कहानी साफ दिखती है। 30 सितंबर 2022 को भोपाल से दूर रातापानी गेस्ट हाउस में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष एक बड़ा संदेश लेकर आए। वहां अचानक डॉ. मोहन यादव, विश्वास सारंग और इंदर सिंह परमार बुलाए गए। लंबी चर्चा हुई। यहीं तय हुआ कि महाकाल लोक के उद्घाटन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर 2022 को जब उज्जैन आएंगे, सारी व्यवस्थाएं डॉ. मोहन यादव संभालेंगे। दूसरा वाकया 30 अक्टूबर 2023 का है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार खातिर उज्जैन आए। किसी पदाधिकारी के घर भोजन करना तय था, कहां सिवाय डॉ. यादव को किसी को नहीं पता था। दो घण्टे पहले पता चला उन्हीं के कट्टर समर्थक पमनानी जी के यहां भोजन करेंगे जिसकी गुप्त जानकारी डॉ. यादव ने ही गृह मंत्रालय को दी थी। प्रोटोकाल के तहत पूरा बन्दोबस्त हुआ। डिनर टेबल पर तीन लोग अमित शाह, वीडी शर्मा और डॉ. मोहन यादव को ही बैठने की इजाजत थी। भोजन पर जाते वक्त अमित शाह की कार में उनके साथ अकेले डॉ. यादव थे। भोजन के बाद अमित शाह और डॉ. यादव की आधे घण्टे बात हुई। संकेत साफ होने लगे थे। 19 नवंबर को डा. यादव को तेलंगाना प्रचार पर भेजा गया। प्रचार समाप्त होते वहीं से दिल्ली बुला लिए गए। नतीजों के बाद 6 दिसंबर को भोपाल से उज्जैन जाते वक्त बीच रास्ते दिल्ली बुलावा आया। तुरंत भोपाल लौटे। फ्लाइट पकड़ी, दिल्ली पहुंचे। वहां जेपी नड्डा से 15 मिनट बात हुई। 7 दिसंबर को बात फैली तो राजनीतिक पण्डित तक गच्चा खा गए। नई चचाओं ने जोर पकड़ा कि जातिगत समीकरण साधने उन्हें प्रदेश भाजपा की कमान दी जाएगी? 11 दिसंबर को नेता चुनने भाजपा विधायक दल की औपचारिक बैठक शुरू हुई। डॉ. यादव पीछे की पंक्ति में चुपचाप बैठे थे। पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शिवराज सिंह के जरिए डॉ. मोहन यादव का नाम प्रस्तावित कराया, जिसका समर्थन नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय व अन्य ने किया। दो उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला सहित और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की भी घोषणा हुई। देश-प्रदेश में लोग चौंक गए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्षों पहले स्वयंसेवक के रूप में आरएसएस से जुड़े थे। ओबीसी वर्ग से आते हैं जो संघ की प्रयोगशाला कहे जाने वाले मध्यप्रदेश में पहली पसंद बने। इस तरह एक तीर से कई निशाने साधे गए। यहां 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। जिसमें यादव समाज की अच्छी आबादी है। आम-चुनाव में उप्र से जुड़े होने कारण वहां सहित बिहार और दूसरी जगह उनके जरिए जातिगत समीकरण साधने की जुगत होगी। उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर, मध्यप्रदेश की मौजूदा विधानसभा में भाजपा के कई धुरंधरों के पहुंचने से बनी ऊहापोह की स्थिति को बड़ी चतुराई से साधा गया। अभी पूरा महीना नहीं बीता कि डॉ. यादव की कार्यप्रणाली और फैसलों का मध्यप्रदेश मुरीद हो रहा है जो 2024 के आम-चुनाव में भी जबरदस्त फायदेमंद होगा।

शीर्ष नेतृत्व से डॉ. यादव को शुरूआत से ही फ्री हैण्ड मिला। 2019 का वो दौर याद आता है जब शिवराज को आभार यात्राओं की इजाजत नहीं मिली, वहीं मोहन यादव ऐसी यात्राओं में सक्रिय हैं। मंत्रिमण्डल के गठन और विभाग वितरण में देरी पर चचाएं कुछ भी हों। लेकिन सच यही है कि 31 मंत्रियों में सात को ही महत्वपूर्ण विभाग देना और 10 बड़े मंत्रालय अपने पास रखना, उनकी ताकत का अहसास कराता है। जिस बेफिक्री से डॉ. यादव पहले ही दिन से सक्रिय होकर सख्त और बेझिझक जनहितैषी फैसले ले रहे हैं उससे मध्यप्रदेश में जनता की सरकार होने का आम और खास सभी को भान हो रहा है। 13 दिसंबर को शपथ के बाद पहले आदेश में सभी के धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारकों सहित खुले में मांस की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जिससे सवाल भी उठे कि तमाम कानूनों के बावजूद पहले ये क्यों नहीं हो पाया? इधर 27 दिसंबर को गुना जिले में बस-ट्रक भिड़ंत हादसे में 13 लोगों के जिंदा जलने पर सख्त कार्रवाई कर तुरंत परिवहन आयुक्त, कलेक्टर, एसपी को हटा दिया। आरटीओ और नगरपालिका सीएमओ को सस्पेंड कर बता दिया कि कोई लापरवाह नहीं बचेंगे। इसके बाद तो प्रदेश में संभाग से लेकर जिलों की सड़कों पर खुद एडीजीपी से लेकर एसपी तक वाहनों की चेकिंग करते दिखे। इसी बीच ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान शाजापुर कलेक्टर की एक ड्राइवर से अशिष्ट भाषा की बातचीत वायरल होते ही बिना देरी किए न केवल मंत्रालय में एक कोने में बिठा दिया बल्कि नाराजगी जताकर संदेश दे दिया कि जन प्रतिनिधि और अधिकारी जनता की सेवा के लिए हैं न कि रौब झड़ने को। नई प्रशासनिक सजावट के साथ, अधिकारियों को जनता से बदतमीजी नहीं करने की सख्त चेतावनी बताती है वो पहले ऐक्शन फिर बयान में विश्वास करते हैं। उनकी कार्यप्रणाली की कई दिग्गज कांग्रेसियों ने भी तारीफ की है।

बुरहानपुर के शाहपुर में 90 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाना बताता है कि प्रदेश में कई पुरानी फाइलें बिना भेदभाव, फिर खुलेंगी। अब अतिक्रमण से लेकर तमाम भ्रष्टाचारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व और दूसरे विभागों में बिना चढ़ोत्री काम नहीं करने वाले मठाधीश बने बाबू से लेकर अफसर, सभी सकते में हैं। फर्जी डिग्रियों और झूठे प्रमाण-पत्रों से शान से नौकरी कर रहे फजीर्वाड़ियों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। शिक्षा की बेहतरी उनकी प्राथमिकता है।

## कविता

पास था फासला,कितना दूर हो
गया।।

जो हमारी आंखों से दूर हो गया ।
मानो वह जिंदगी से दूर हो गया।।

सांझ को जिसने मिलने का किया वादा ।।
वह तो तपती दोपहर में काफूर हो गया ।।।

आओ मिलकर चलते हैं दूर तक ।
पास था फासला,कितना दूर हो गया।।

कश्ती डगमगाती रही लहरों में।
लहरो का मचलना दस्तूर हो गया।।

आगे दूर तक चिलचिलाती धूप हैं ।
बेहद हंसी शहर था ,बेनूर हो गया।।

क्यों पत्थर फैंकते हो दीवाने पर।
प्यार करना कब से कुसूर हो गय''

रिश्ते हमारे कितने मधुर,हसीन थे,
अब इतनी दूरी, हमसे क्या कसूर हो गया।।

संजीव
---------

# नए मौकों का स्किल है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**विजय गर्ग**

**अगर अध्ययनों की मानें**, तो लिंक्डइन की एक रिपोर्ट में भविष्यवाणी की गई है कि एआई के कारण वैश्विक स्तर पर नौकरियों के लिए आवश्यक कौशल 2030 तक कम से कम 65% बदल जाएंगे। वहीं बड़ी कंपनियों के एक सम्मिलित सर्वेक्षण में एआई और मशीन लर्निंग में विशेषज्ञता शीर्ष के दो सबसे तेजी से बढ़ते जॉब रोल के तौर पर सामने जाए हैं। भारत की बात करें, तो बीते दो सालों में भारत और इसके जैसे देशों में एआई या जेनरेटिव एआई का उल्लेख करते हुए की गई जॉब पोस्टिंग में दोगुने की वृद्धि देखी गई है। इसकी अहमियत को इस बात से समझिए कि अब स्कूली पढ़ाई के दौरान भी एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में जो युवा ग्रेजुएशन करने जा रहे हैं और विशेषज्ञता क्षेत्र के बारे में उलझन में हैं, या अपस्किलिंग करना चाह रहे हैं या जॉब स्विच करना चाह रहे हैं, एआई का क्षेत्र, उससे संबंधित नए कौशलों को सीखना रणनीतिक और फायदेमंद कदम होगा।

**क्या हैं एआई के स्किल्स**

मशीन लर्निंग (एमएल): एमएल में विशेषज्ञता की बहुत अधिक मांग है। डीप लर्निंग, रिइन्फोर्समेंट लर्निंग और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) में यह कौशल विशेष रूप से उपयोगी साबित होता है। लेख लिखते समय सर्च करने पर लिंक्डइन पर 16000, इनडीड पर 8000 एमएल इंजीनियर की जॉब पोस्टिंग दिखाई दीं। डेटा साइंस एआई मॉडल्स में डेटा फीड करने की जरूरत होती है। उसके लिए डेटा रंगलिंग एनालिसिस और विजुअलाइजेशन महत्वपूर्ण होते हैं और उनके विशेषज्ञों की जरूरत होती है। क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे-जैसे एआई मॉडल अधिक जटिल होते जा रहे हैं, प्रशिक्षण और उनके व्यावहारिक उपयोग के लिए क्लाउड प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने की क्षमता तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। इसीलिए एडब्लूएस, एजूर्स और जीसीपी जैसे प्लेटफॉर्म में स्किल की मांग बढ़ी है। जेनरेटिव एआईः चैटजीपीटी और डेल-ई 2 जैसे टूल के आने के साथ ही क्रिएटिव कंटेंट बनाने, मार्केटिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए जेनरेटिव एआई मॉडल के उपयोग और मैनेजमेंट से संबंधित स्किल्स के लिए भी मार्केट तैयार हुआ है।

**क्या भूमिकाएं होंगी मांग में**

प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेस, जैसे पायथन, आर और जूलिया के जानकारों की ज्यादा से ज्यादा जरूरत होगी। वहीं, रोबोटिक्स एवं एआई इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट मैनेजर, एमएल इंजीनियर, डेटा इंजीनियर आदि की भूमिकाएं अहम हो जाएंगी। इसके साथ ही कुछ उभरती हुई भूमिकाएं हैं। बिजनेस इंटेलिजेंस इंजीनियर एक बिजनेस इंटेलिजेंस (बीआई) इंजीनियर डेटासेट के विभिन्न फीचर्स में पैटर्न और आपसी निर्भरता को देखने में प्रशिक्षित होता है। योग्यता : इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में शैक्षिक पृष्ठभूमि, डेटाः एनालिसिस में व्यावहारिक अनुभव और वेब- आधारित टूल से परिचित होना जरूरी होगा।

## विचार

# राजस्थान में भाजपा गहरे सदमे में

**अमरपाल सिंह वर्मा-**

**चंद महीनों बाद** होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा को आज राजस्थान में बड़ा झटका लगा है। राज्य के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। पार्टी ने करणपुर को फतह करने के लिए क्या-कुछ नहीं किया। पार्टी ने अपने प्रत्याशी को चुनाव में जीतने से पहले ही राज्य सरकार में मंत्री तक बना दिया लेकिन यह दांव भी बेअसर साबित हो गया है। भाजपा प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं और कांग्रेस अपने प्रत्याशी की जीत पर दिवाली मना रही है। करणपुर में नवम्बर में चुनाव होने थे। तब कांग्रेस ने यहां पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर को चुनाव मैदान में उतारा जबकि भाजपा ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को टिकट दिया। कांग्रेस प्रत्याशी कुन्नर का निधन हो जाने से तब वहां मतदान नहीं हो पाया। फिर चुनाव आयोग ने 5 जनवरी को चुनाव कराना तय किया। इसके बाद कांग्रेस ने स्वर्गीय कुन्नर के बेटे रूपिन्दर सिंह कुन्नर पर दांव खेला। करणपुर सीट को जीतने के लिए भाजपा ने जी तोड़ कोशिश की। करणपुर में भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जीतने से पहले ही राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार में राज्य मंत्री बना दिया गया। भाजपा के इस दांव से हक्की-बक्की कांग्रेस ने इसे आदर्श आचार संहिता और नैतिकता का उल्लंघन बताया एवं चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि किसी उम्मीदवार को चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बना देने का इतिहास में यह पहला मामला है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने करणपुर में पूरी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री भजनलाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी समेत विभिन्न बड़े नेताओं ने वहां चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस ने भी खूब प्रयास किए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट आदि नेताओं ने मतदाताओं के बीच जाकर वोट मांगे। भाजपा को जहां पहले अपने पिता के निधन के बाद चुनाव मैदान में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी रूपिन्दर के समर्थन में सहानुभूति लहर का डर सता रहा था, वहीं अपने उम्मीदवार को जीतने से पहले ही मंत्री बनाकर भाजपा करणपुर में जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हो गई लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाकर भाजपा को निराशा से भर दिया है। भाजपा ने अपने जिस पूर्व मंत्री टीटी को चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल में शामिल किया, वह 11283 वोटों से हार गए हैं।

करणपुर का परिणाम भाजपा के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है क्योंकि भाजपा पिछले ही महीने राजस्थान विधानसभा चुनाव जीत कर अपनी सरकार बनाने में सफल रही है। करणपुर का चुनाव प्रदेश भाजपा सरकार के लिए परीक्षा की पहली घड़ी के रूप में देखा जा रहा था, जिसमें फेल होने के कारण भाजपा में मायूसी स्वाभाविक है। करणपुर की हार से राज्य की भाजपा सरकार की स्थिति पर कोई फर्क पड? वाला नहीं है क्योंकि पार्टी के पास 115 यानी पूर्ण बहुमत से भी ज्यादा विधायक हैं।

करणपुर में जीत से विधानसभा में कांग्रेस की सीटें 69 से बढ़कर 70 हो गई हैं। कांग्रेस में किस कदर उत्साह का माहौल है, इसे करणपुर के परिणाम पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रतिक्रिया से समझा जा सकता है। गहलोत ने कहा है कि जनता ने भाजपा के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनता ने भाजपा का घमंड तोड़ दिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने तंज कसा है कि सरकार मंत्री बना सकती है, विधायक नहीं। इस पराजय का भजनलाल सरकार पर कोई असर भले नहीं पड़ रहा लेकिन करणपुर की हार ने कांग्रेस को एक मुद्दा अवश्य दे दिया है, जिसे कांग्रेस आने वाले समय में भाजपा के खिलाफ इस्तेमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस करणपुर के बहाने राज्य के मुख्यमंत्री और फिर मंत्रिमंडल के गठन एवं इसके बाद मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में देरी जैसे मुद्दों को हवा देकर भाजपा को घेरने में जुटेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इतिहास रचतें पीएम नरेन्द्र मोदी

**डॉ अजय कुमार मिश्रा**

**किसी** भी राजा के शासन की वास्तविक उपलब्धि न केवल जन मानस के लिए किये जा रहे आधारभूत बदलाव के कार्य होतें है, बल्कि आम जन मानस समेत विरोधियों में भी राजा के कार्यों की छवि और चर्चा किस स्वरुप में है ! यही निर्धारित करता है की राजा का शासन उत्तम दर्जे का है या फिर नहीं ? देश के वर्तमान प्रधानमंत्री और ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने देश को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है और अब आकर्षक परिणाम सभी के सामने है` फिर चाहें मूलभूत परिवर्तनों की बात है या वैश्विक आवश्यकताओं की पूर्ति की बात हो। सुधार और विकास का पहिया वैश्विक स्तर पर नई पहचान के साथ 5जी मोड में आगे बढ़ रहा है` अपने एक दशक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में कार्य किया है उन्होंने गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए, किसान कल्याण सुनिश्चित कर किसानों के लिए, नए भारत के लिए नारी शक्ति को प्राथमिकता देना, युवा नेतृत्व विकास पर विशेष जोर देना, मध्यम वर्ग और उनके जीवनयापन में आसानी करना, गति और पैमाने पर इन्फ्रा सेक्टर तेजी से बढ़ाना, स्वास्थ्य देखभाल और महामारी प्रबंधन से आम आदमी को सुरक्षित किया है, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की खुली चर्चा और सराहना हर जगह है, अर्थव्यवस्था और सुधार चारो तरफ प्रदर्शित किया है, व्यापार करने में आसानी दिख रही है, पूर्वोत्तर को विकास इंजन के रूप में स्थापित किया, सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण दिया है, तकनीक-संचालित भारत के नए स्वरुप को जन-जन से जोड़ा है, पर्यावरण और स्थिरता पर विशेष कार्य करके सभी जगह अपना लोहा मनवाया है, मोदी सरकार के पूर्व सरकारी योजनाओं की आम आदमी तक पहुँच में पारदर्शिता का गहरा आभाव था पर वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने हर क्षेत्र के लिए योजना बनाकर व्यक्ति को केंद्र में रख कर, पारदर्शी तरीके से कार्य किया है` आप उनकी सफलता का आकलन इसी बात से कर सकतें है की आज मोदी सरकार की योजनायें सभी उम्र, तबके के लोगों की जुबान पर है, आकड़ें भी इस बात की गवाही दे रहे है।

# किसके आगे बीन बजाऊँ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नई नवेली** सरकार एकदम नई नवेली बहू की तरह होती है। बहू के लिए ससुराल और सरकार के लिए सत्ता के आरंभिक दिन किसी नर्सरी, एलकेजी या फिर यूकेजी से कम नहीं होते। ऐसे में उससे चाय गिर जाना, चाय का कप टूट जाना, चूल्हे पर दूध उबलकर बह जाना या दूध खुला छोड़ देने पर बिल्ली द्वारा चट कर जाना उसके दाम्पत्य जीवन के एबीसीडी वाले दिन कहलाते हैं। ऐसे में उसकी शिकायत भी नहीं कर सकते। करेंगे भी तो लोग कहेंगे कि छोड़ो भी वह तो अभी-अभी की आयी है। करत-करत अभ्यास के गाय शेरनी और नई नवेली दुल्हन घर भर पर दहाड़ मारना शुरू कर देती है। कई साल गुजर जाने पर तड़का लगाने वाला कलछुल और बहू दोनों एक जैसे लगने लगते हैं। अंतर केवल इतना होता है कि कलछुल में तेल के साथ जीरा-लहसून तड़कने लगते हैं तो घर की हर छोटी बातों में बहू अपना तड़का लगाए बिना चुप नहीं बैठती। पिछले एक साल में दस चाय कप तोड़ने वाली बहू की इंटर्नशिप समाप्त होने-होने तक उसकी सीनियारिटी उसे एक नया मुकाम देती है। वह अब चाय कप गिराने नहीं बल्कि पकड़ने का शहूर सिखाने लगती है। ऐसे में भी उससे कप गिरकर टूट जाए तो समझ जाना चाहिए कि गलती उसकी नहीं घर के किसी सदस्य की है। अब उसके अनुभव के बादल जब-तब सीख की बारिश कर ही देते हैं। अब उसकी सक्रियता सब पर भारी पड़ने लगती है। अनुभव ने उसे बहुत कुछ सिखाया है। अब वह काम कम शिकायतें ज्यादा करती हैं। पल-पल शिकायतें, भर-भर ताने। काम करते समय चोट लग जाना आम बात होती है। कभी चूल्हे के पास हाथ जल जाना, पकौड़े बनाते समय गरम तेल से बदन पर फफोले निकल आना, सब्जी काटते समय चाकू से उंगली कट जाना आदि को तब तक घर के प्रति प्यार समझती है जब तक उसे बदले में प्यार मिलता है। यदि कहीं उन्नीस-बीस हो जाता है तो समझो खैर नहीं। जला हुआ हाथ, बदन पर फफोले, कटी हुई उंगली कभी भी गृह हिंसा कानून के तहत ब्रह्मास्त्र बनकर सास-श्वसुर-ननद या फिर पति को धर दबोचने में पीछे नहीं हटते।

# मेयर निखिल मदान ने विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

## चौपाल के नजदीक बने जोहड़ की होगी सफाई, मेयर ने अधिकारियों को टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के दिए आदेश



**दिशा-निर्देश**

8 टूटी गलियों का होगा नव निर्माण और मरम्मत, एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए मेयर ने दिए आदेश

8 कार्यक्रम में निगम अधिकारी एवं गाँव के गणमान्य लोग रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**वार्ड नं** 9 के राठधना गांव में सोमवार को विधायक जयवीर वाल्मीकि,नगर निगम मेयर निखिल मदान और सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा विधायक, मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और पगड़ी पहनाई गई। गाँव के वरिष्ठ नागरिक रमेश कुमार द्वारा नारियल तोड़कर कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि वाल्मीकि चौपाल के नवीनीकरण में कमरों की मरम्मत, रंग रोगन सफेदी करवाना, शौचालय की मरम्मत, आश्यकता अनुसार नए खिड़की दरवाजे लगवाना, बिजली फिटिंग के जरुरी कार्य करवाए जायेंगे। विधायक जयवीर वाल्मिकी ने बताया की खरखौदा विधानसभा के कुछ गॉव नगर निगम क्षेत्र में आते है जिनके निरन्तर विकास के लिए वो लगातार प्रयत्नशील है और वहाँ के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले ऐसा उनका प्रयास है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चौपाल के पास बने जोहड़ की सफाई और कुछ गलियों के निर्माण और मरम्मत की मांग उठायी जिस पर मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता रामकरण हुड्डा और संदीप खोखर को इन कार्यों के लिए एस्टीमेट बनाकर जरुरी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने सम्बन्धित ठेकेदार को सभी कार्य जल्द से जल्द और गुणवत्ता के साथ पूरा करने की हिदायत दी। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, कांग्रेस युवा ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, सतीश सरोहा, कृष्ण वाल्मीकि, रमेश वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, अमर वाल्मीकि, रामतीर्थ सरोहा,रमेश सरोहा, राजू सरोहा,ज़िले सरोहा, अत्तर सिंह, महेंद्र सरोहा, मेवा सिंह,रामेश्वर सिंह,देवेंद्र सिंह, अजीत सरोहा,उमर सिंह,सुल्तान आदि लोग मौजूद रहे।

# मेयर शक्तिरानी शर्मा ने वितरित किए सर्टिफिकेट व सिलाई मशीनें

**आत्मनिर्भर**

8 मेयर मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रही और कोर्स करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पं. केदारनाथ** शर्मा हॉस्पिटल व चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल द्वारा हिमांयुपुर में चलाए जा रहे सिलाई केंद्र पर परीक्षण ले रही महिलाओ को कोर्स पूरा होने पर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रही और कोर्स करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन महिलाओं को सिलाई मशीनें भी ट्रस्ट की तरफ से दी गई, जिन्होंने कोर्स के दौरान 90 प्रतिशत से ज्यादा हाजिरी लगाई है। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं। आज उन्हें बेहद खुशी हुई जब महिलाओं ने बताया कि वह इस प्रोग्राम में अपने द्वारा सिलाई किए गए कपड़ों को पहनकर आई हैं। इस दौरान महिलाओं ने ब्यूटीपॉर्लर व अन्य कोर्स करने की इच्छा जताई है। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि वह प्रयास करेगी कि महिलाओं को वह कोर्स भी उपलब्ध करवाए जा सके, जिन्हे वह करना चाहती है।

वही रोटरी क्लब से आए वीके शर्मा ने कहा कि शर्मा परिवार ने राजनीति से ऊपर उठकर समाजसेवा के काम में हमेशा आगे रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक

पं. केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल व चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से करीब 6 सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद की जा रही है। इस अवसर पर पं. केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल व चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शुरू किए गए सिलाई सेंटर में कोर्स करने वाली महिलाओं ने कहा कि इस केंद्र का लाभ उन्हें मिला है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम ने ली बैठक



**जिम्मेवारियां**

8 एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में उपमंडल स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**एसडीएम** अम्बाला छावनी लक्षित सरीन ने अपने कार्यालय में उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारी की बैठक लेते हुए 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में उपमंडल स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह को मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दें। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी के तहसीलदार गणतन्त्र दिवस समारोह के ओवर आल इंचार्ज होंगे। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आये अधिकारी को निर्देश दिये कि वे समारोह स्थल पर डाक्टरों की टीम व एंबुलैस की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को पानी की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था, बिजली निगम को बिजली व्यवस्था, बाल विकास परियोजना अधिकारी रंगौली, पुलिस विभाग यातायात व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस-जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए गुरुग्राम से आई टीम



**परीक्षण**

8 सात चिकित्सकों की टीम ने सोमवार को लगभग 100 मजदूरों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी**

**धोलेडा क्रेशर** जोन में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए गुरुग्राम से चिकित्सकों का दल गुरुग्राम से आया है। लेबर विभाग की स्वास्थ्य इकाई की डिप्टी डायरेक्टर अलका हुड्डा के नेतृत्व में। सात चिकित्सकों की टीम ने सोमवार को लगभग 100 मजदूरों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मजदूरों के एक्सरे बीपी, फेफड़ों, स्वांस , कान के सुन्न होने से जुड़ी लगभग एक दर्जन से अधिक जांच की गई। सात सदस्यीय चिकित्सकों का दल समूचे क्रेशर जोन में। कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य संबंधित कार्य को मूर्त रूप देगा ।डिप्टी डायरेक्टर डा. अलका हुड्डा ने बताया कि क्रेशर जोन में कार्यरत मजदूरों में अक्सर स्वांस संबंधित भयंकर बीमारियां घर कर लेती हैं। इन जानलेवा बीमारियों का अहसास मजदूर को भी नहीं होता और जब कुछ बीमारियां अंतिम चरण में पहुंच जानलेवा बनती हैं तो उनका इलाज भी असंभव हो जाता है । इन जानलेवा बीमारियों में सबसे खतरनाक बीमारी का नाम सेलेकोंसीस बताया गया। क्रेशर जोन पर कार्यरत मजदूरों में जानकारी का अभाव रहता है। काम के दौरान यदि मुंह को ढाप लिया जाए तो धूल मिट्टी स्वांस के जरिए शरीर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकती और विभिन्न खतरनाक जानलेवा बीमारियों से बचाव संभव हो सकता है । डा. अलका हुड्डा ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित परीक्षण समूचे हरियाणा में स्थित क्रेशर जोन में किया जा रहा है। आज सोमवार को इस कार्य की शुरूआत नांगल चौधरी क्षेत्र के क्रेशर जोन से की गई है । डा. हुड्डा ने क्रेशर संचालकों से आव्हान किया है कि वह सरकार की इस योजना का लाभ अपने यहां काम करने वाले मजदूरों के दिलवाना सुनिश्चित करें ताकि मजदूर तबके को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित आपदा से बचाया जा सके। वहीं डा. अलका हुड्डा ने बताया कि यदि किसी।

# अतिक्रमण के खिलाफ प्पुलिस का अभियान लगातार जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सोमवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने किशनपुरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गोहाना मोड़ से संजय चौक व सजंय चौक से जाटाल रोड पर फ्लाई ओवर पुल तक अतिक्रमण हटवाकर सर्विस लेन व फुटपाथ को खाली करवाया। शहर यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर व किशनपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई प्रमोद ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान व खड़े वाहनों को हटवाया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**विकसित** भारत संकल्प जन संवाद यात्रा अम्बाला प्रथम ब्लॉक के तहत गांव भूरा माजरा, छोटा बड़ौला व तेजां गांव में पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहें हैं। सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर मे खड़े योग्य व्यक्ति को दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने यहां पर लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल कर उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि वे लोगों का मार्ग दर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं बारे जानकारी देकर इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें।

# महिलाओं को दी जा रही कंप्यूटर व सिलाई ट्रेनिंग



**नि:शुल्क**

8 सलाई कोर्स में 30 तथा कंप्यूटर कोर्स में 40 महिलाएं दाखिला ले चुकी हैं, छ: महीने की अवधि के हैं कोर्स

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

डॉ एस पी सिंह ओबराय (दुबई ), मैनेजिंग ट्रस्टी के कुशल नेतृत्व एवं सुयोग्य मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय प्रधान सरदार जस्सा सिंह, प्रशिक्षण निदेशिका डॉ इंद्रजीत कौर गिल के निर्देशन में सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिस्टर्ड), पटियाला की जिला कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जिला रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में संचालित निशुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच में प्रशिक्षण कार्य आरंभ हो चुका है । ट्रस्ट के जिला प्रधान समाज सेवी गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि कंप्यूटर तथा सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच की एक जनवरी से दोनों कोर्सों की कक्षाएं लगनी शुरू हो चुकी हैं । सिलाई कोर्स में 30 तथा कंप्यूटर कोर्स में 40 महिलाएं दाखिला ले चुकी हैं। दोनों कोर्स छः - छः महीने की अवधि के हैं तथा पूर्णतया निशुल्क हैं। प्रशिक्षण सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट एवं जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वधान में दिया जाता है। महासचिव सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि दोनों कोर्सों में अभी कुछ सीटें बाकी हैं। कोई भी महिला जो हिंदी पढ़ना लिखना जानती है, सिलाई कोर्स में दाखिला ले सकती है तथा कोई भी 10 वीं पास महिला कंप्यूटर कोर्स में प्रवेश ले सकती है। सुबह सिलाई तथा दोपहर बाद कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। जिला प्रशिक्षण सलाहकार अन्नपूर्णा शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट आई एस ओ सर्टिफाइड है।

# गंदा पानी ओवरफ्लो होने के कारण गलियों में भरता है..

**समालखा (कुलदीप सिह )**

गांव मनाना में महाबीर दुकान के पास से गुजरने वाले नाले की दीवार कई वर्षों से टूटी होने तथा नाले की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होने के कारण गलियों में भर जाता है। इसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। इस बारे में कई बार बीडीपीओ कार्यालय में शिकायत देने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण राजेश, धोला, महाबीर, बल्लू, सुनील कपिल, सोनू, चांद आदि ने बताया कि महाबीर की दुकान के पास जा गुजर रहा नाले की सफाई नहीं हो पा रहा है। साथ ही नाले की दीवार कई वर्षों से टूटी हुई है।

# स्कील डेवलपमेंट कैंप का हुआ आयोजन

**स्किल जरूरी**

8 पांच दिवसीय लाईफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का आयोजन किया गया, यह कैम्प 12 जनवरी तक चलेगा



**टीम इंडिया एक्शन/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार शीतकालीन अवकाश के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय चनालहेडी, खंड पहेवा, जिला कुरुक्षेत्र में पांच दिवसीय लाईफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का आयोजन किया गया यह कैम्प 8 जनवरी से 12 जनवरी तक चलेगा। कैंप के प्रथम दिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एमपीएचडब्ल्यू श्रीमती किरण देवी ने स्वास्थ्य से संबंधित अनेक बातें छात्रों को बताई। किशोरावस्था में छात्रों में आने वाले बदलाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने लड़कियों को गुड टच और बेड टच का ज्ञान भी करवयया। आशा वर्कर श्रीमती राजवंत कौर ने भी छात्रों को स्वास्थ्य से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बातें सांझा की । उन्होंने कहा कि आजकल शीतलहर चली हुई है इसलिए सभी छात्र स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए गर्म कपड़े पहने और बिना जरुरत के घर से बाहर न निकले। ठंड के चलते लापरवाही कभी भी स्वास्थ्य खराब कर सकती है।

# 10 से 12 तक श्रमिक पंजीकरण कैंप का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए हरियाणा सरकार अनेक योजनाएं चला रहा है। इन योजनाओं के लिए पंजीकरण के लिए आगामी 10 से 12 तक महिला आईटीआई में श्रमिक जागरूक एवं श्रमिक पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि 10 से 12 जनवरी तक मजदूर चौक स्थित महिला आईटीआई नारनौल में हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिक जागरूक एवं श्रमिक पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए हरियाणा सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की वेबसाइट पर अपने आप को पंजीकृत कर सकते हैं।

# 'सुरजेवाला को सुनने के लिए उमड़ेगी भीड़'

**संबोधन होगा**

8 कलसाना गांव में रणदीप सुरजेवाला के आगमन की सूचना से इलाके में खुशी का माहौल: स्वीटी रंगा



**टीम एक्शन इंडिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि 12 जनवरी को कलसाना में राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के आगमन सूचना से इलाके में खुशी का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला को सुनने के लिए इलाके से भारी भीड़ उमड़ेगी। स्वीटी रंगा ने कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों से प्रदेश की जनता अपना पीछा छुड़वाना चाहती है और हरियाणा प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि 2024 में कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में बाहरी बहुमत से विजयी बनाकर पुनः सरकार बनाने का अवसर प्रदान करेगी। प्रदेश में कर्मचारी, व्यापारी, किसान, मजदूर दिहाड़ीदार, दुकानदार प्रदेश सरकार की नीतियों से बेहद दुखी है।

जनता ने कांग्रेस पार्टी की सरकार की कार्यशैली को पहले भी देखा है, इसलिए प्रदेश की जनता पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए तत्पर है।

# डीसी मोनिका गुप्ता ने की गौशालाओं के संचालकों के साथ बैठक

## अतिरिक्त आवारा मवेशियों के लिए बुनियादी ढांचे के लिए सरकार देगी 7000 प्रति आवारा पशु



**मंथन**

8 पुनर्वासित आवारा मवेशियों का उचित रिकॉर्ड रखने के लिए होगी गुलाबी रंग की ईयर टैगिंग

8 पंजीकृत गौशालाओं को चारा अनुदान के तौर पर दी जा चुकी एक करोड़ 38 लाख की सहायता राशि

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** जिला में घूम रहे बेसहारा गौवंश को नजदीकी गौशालाओं में भेजने के लिए आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने जिला की सभी गौशालाओं के संचालकों के साथ बैठक की।

इस बैठक में डीसी ने बताया कि बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में विस्थापित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पुनर्वासित गौवंश का उचित रिकॉर्ड रखने के लिए गुलाबी रंग की ईयर टैगिंग की जाएगी। इसमें 12 अंकों का बार कोड होगा। नए पुनर्वासित गौवंश को अलग रखना होगा ताकि नए पुनर्वासित गौवंश की गिनती आसानी से की जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश अनुसार अतिरिक्त गौवंश के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के लिए 7000 प्रति गौवंश एवं दैनिक आधार पर 20 रूपए बछड़ियों, 30 रुपए गाय एवं 40 रुपए नंदी के लिए दिए जाएंगे। इस योजना में शामिल होने के लिए एक गौशाला को कम से कम 50 पशु लेने होंगे। उन्होंने बताया कि इनके लिए चारा अनुदान के तौर पर छोटे पशुओं के लिए 20 रुपए, बड़े पशुओं के लिए 30 रुपए तथा नदी के लिए 40 रुपए प्रति मवेशी प्रतिदिन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला की पंजीकृत गौशालाओं को इस साल एक करोड़ 38 लाख रुपए की चारा अनुदान के तौर पर सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा ग्रामीण क्षेत्र से आवारा पशुओं को पकड़ने और गंतव्य सूची के अनुसार पहले से मौजूद गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होगा।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग, शहरी क्षेत्र से आवारा पशुओं को पकड़ने और गंतव्य सूची के अनुसार पहले से मौजूद गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होगा।

इस संबंध में पशुपालन विभाग के डीडीए डॉ नसीब सिंह ने बताया कि जिला में 21 पंजीकृत गौशालाओं में 18500 गोवंश मौजूद हैं। फिलहाल जिला में लगभग 4500 आवारा गोवंश है।

# शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टता होनी चाहिए: राज्यपाल

**आह्वान**

**8 शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाये: राज्यपाल**



**चंडीगढ/कमाल हुसैन**

**महामहीम** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रिसर्च स्कोलर्स का आह्वान किया कि वे उपलब्ध संसाधनों में ही गुणवत्ता परक शोध करें। शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्ट्ता होनी चाहिए। स्वयं मेहनत कर आंकड़े एकत्रित करें। शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाये। कभी किसी अन्य व्यक्ति पर निर्भर न रहे। कुछ नया करने की जिज्ञासा रखें तथा मेहनत से कार्य करें। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय स्थानीय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर में फैकल्टी सदस्यों व रिसर्च स्कोलर्स से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जायेगी। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य शोध के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने रिसर्च स्कोलर्स से थॉमस एडीसन के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अनेक शोध किये। उन्होंने कहा कि शोधार्थी तकनीक को अपनाये तथा हमेशा कुछ नया कार्य करने की जिज्ञासा रखें। उन्होंने कहा कि शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्ट्ता होनी चाहिए।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन व रिसर्च स्कोलर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने के लिए उद्योग क्षेत्र व मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों के साथ सहभागिता करें। शोध को फैकल्टी सदस्यों तथा साथियों के साथ सांझा करें।

गुणवत्ता परक शोध से विश्वविद्यालय की पहचान बनाये। उन्होंने कहा कि जागरूकता भी बहुत जरूरी है। शोध को तपस्या मानकर पूर्ण करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, शोध सेल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रो. डॉ. ध्रुव चौधरी तथा प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी ने स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कोलर्स ने शोध के दौरान के अनुभव सांझा किए।

इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, संयुक्त निदेशक मोनिका, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह, शोध सेल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रो. डॉ. ध्रुव चौधरी, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, डीन डॉ. केएस लैलर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल सहित विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्य व रिसर्च स्कोलर्स मौजूद रहे।

# नशे के विरुद्ध कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली

## नशा मुक्त होगा हरियाणा और मिलकर सारे जोर लगाना: डॉ. अशोक



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस कड़ी में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौल्था में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 53 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी एसके चौहान की उपस्थिति में यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह साहब एक सकारात्मक सोच के साथ नशा मुक्त हरियाणा बनाने में जुट गए हैं। राम गुरुकुल गमन लघु कथा के माध्यम से युवा पीढ़ी को एक संदेश दिया जा रहा है कि जब भगवान राम को जीवन में अनेक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा लेकिन आदर्श मूल्यों का त्याग नहीं किया। तभी वे मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए। इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अनेक चुनौतियाँ और समस्याएं आएंगी लेकिन उनका समाधान अवसाद और नशा नहीं है। उन्होंने विभिन्न

**बैठक**

**8 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौल्था में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 53 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया।**


प्रकार के नशों पर कुठाराघात करते हुए नशे से दूर रहने के उपाय और अनेक सावधानियों की बारे जागरूक किया। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि भारत में 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे नशा मुख्य कारण है। नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि नशे के कारण उसके परिवार की दुर्दशा हो। भारत के अन्य राज्यों में नशे के प्रभाव को देखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2020 में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया है। यह ब्यूरो नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है तो दूसरी और नशे का शिकार हो चुके लोगों को पीड़ित मानकर उनका निशुल्क उपचार करा रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने हृदय पर हाथ रहकर शपथ ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का

**न्यूज फ्लैश**

## युवाओं व बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रूचि रखनी चाहिए: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली( दलबीर मलिक)**गांव बीड़ मथाना में जेवीजी क्रिकेट क्लब द्वारा पहली क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके समापन पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने विजेता टीम को देकर सम्मानित किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि युवाओं व बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए, ताकि वह पढ़ाई के साथ-साथ अपने शरीर का भी विकास करवा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को खेलों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। वहीं क्लब के सदस्य संजीव कुमार ने कहा कि जेवीजी क्रिकेट क्लब द्वारा पहली क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 24 टीमों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि गांव गुढ़ा की टीम ने प्रथम व गांव हथीरा की टीम ने दूसरा स्थान स्थान प्राप्त किया। जिनको संदीप गर्ग द्वारा ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व 11 खिलाड़ियों को गोल्ड मैडल पहनाए गए। मौके पर सरपंच देवीदयाल, भजन सिंह, कर्मबीर सैनी, राजेश सैनी, नरेश सैनी, बलवंत सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## कैस्ट्रोल इंडिया ने भारत के ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए गाजियाबाद में कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला का आयोजन किया



**गाजियाबाद:** भारत के प्रमुख लुब्रिकेन्ट निमार्ता कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने देश के ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए अपनी अनूठी पहल कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला का लॉन्च किया है। देश भर के ट्रक चालकों में उद्यमिता की भावना एवं पेशेवर दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल 10,000 से अधिक ट्रक चालकों तक पहुंचेगी। गाजियाबाद शहर में दो दिवसीय ऑन-ग्राउण्ड पाठशाला के साथ कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला पहल अब तक अपने इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से 300 से अधिक ट्रक चालकों को प्रशिक्षित कर चुकी है। गाजियाबाद शहर में इस पहल के ऑन साईट कैम्प के दौरान ट्रक चालकों के लिए रोचक शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ट्रक चालकों को चार प्रमुख पहलुओं-सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रक का स्वामित्व, नई टेक्नोलॉजी और कारोबार में मुनाफा- पर शिक्षित करने तथा #बढ़तेरहोआगे के दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। कैस्ट्रोल इंडिया ने ट्रक समुदाय की प्रगति एवं सफलता के लिए हमेशा से सहयोग प्रदान किया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला पहल हाल ही में उनके द्वारा शुरू किए गए #बढ़तेरहोआगे अभियान का विस्तार है। संदीप संगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर, कैस्ट्रोल इंडिया ने कहा, ट्रक समुदाय हमेशा से कैस्ट्रोल इंडिया का अभिन्न हिस्सा रहा है, हम अपनी बदलावकारी पहलों के माध्यम से उनकी सुरक्षा और आजीविका को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हम ट्रक चालकों को चालक से मालक बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। हमें खुशी है कि गाजियाबाद शहर से हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिससे प्रोत्साहित होकर हम भविष्य में भी ट्रक समुदाय के कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला पहल को गाजियाबाद शहर में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों एवं संगठनों जैसे ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कॉन्ग्रेस, उत्तर प्रदेश का समर्थन प्राप्त हुआ। दो दिवसीय आयोजन के सफल समापन के बाद 300 से अधिक ट्रक चालकों को भागीदारी प्रमाणपत्र दिए गए, साथ ही उनके ट्रकों पर कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स बैज भी लगाए गए। आशीष अग्रवाल, एमसी सदस्य-ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कॉन्ग्रेस, उत्तर प्रदेश ने कहा, हम गाजियाबाद में ट्रक समुदाय को अपस्किल करने की कैस्ट्रोल इंडिया की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। नॉलेज सत्रों के दौरान ड्राइवर की सुरक्षा, वाहनों के रखरखाव, तकनीकों पर जोर दिया गया, जो उनके विकास को गति प्रदान करेंगे।

ढाई महीने तक चलने वाले कैंपेन कैस्ट्रोल सीआरबी टबोर्मैक्स प्रगति की पाठशाला की शुरूआत गाजियाबाद, यूपी एवं कालाम्बोली, महाराष्ट्र से हुई। इसमें देश के भी सभी चारों क्षेत्रों को कवर करने के लिए दो विशेष रूप से डिजाइन किए गए ट्रकों ने विभिन्न रूट्स लिए।

# उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने ली अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन समिति की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल** । जिला महेंद्रगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 142 प्ले-वे स्कूल चलाए जा रहे हैं। जो सरपंच पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों के सहयोग से अपने यहां चल रहे इन प्ले वे स्कूलों को मॉडल के तौर पर तैयार करवाएंगे, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन समिति की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के संज्ञानात्मक और बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए प्ले-वे स्कूल खोले गए हैं। इसमें सरकार के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि भी अपना अहम रोल अदा कर सकते हैं। इन स्कूलों की बेहतरीन के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों ने ग्राम संरक्षक के तौर पर गांव गोद लिए हुए हैं वे अधिकारी अपने गांव में प्ले-वे स्कूल का लगातार निरीक्षण करें।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी प्ले-वे स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। अगर किसी चीज की कोई कमी है तो संबंधित विभाग से तालमेल करके इस कार्य को पूरा करें। इस बैठक में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव तथा डीडीपीओ आशीष मान के अलावा विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# 'कुरुक्षेत्र में होना चाहिए अहेरिया समाज की धर्मशाला का निर्माण'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला कुरुक्षेत्र में** श्रीमान रिखी राम अहेरिया जिला प्रधान कुरुक्षेत्र अहेरिया विकास महासभा की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। इस मीटिंग में समाज को लेकर विभिन्न विषयों के अलावा धर्मशाला बनवाने का मुद्दा छाया रहा। कुरुक्षेत्र में सभी समाजों की धर्मशालाएं बनी हुई है और अहेरिया समाज की कोई भी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में नहीं है। इसमें सभी ने अपनी सहमति जताई की की कुरुक्षेत्र में एरिया समाज की धर्मशाला बनाई जाए आज की इस मीटिंग में युवा वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# न्यायाधीशों ने किया बाल भवन में चल रही गतिविधियों व प्रोजेक्ट का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । सिविल** जज अनुराग यादव जूनियर डिविजन व सिविल जज भुवनेश सैनी जूनियर डिविजन नारनौल ने जिला बाल कल्याण परिषद में चल रही गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया।

सिविल जज अनुराग यादव व सिविल जज भुवनेश सैनी ने सर्वप्रथम जिला बाल कल्याण परिषद में चल रही गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में जाकर वहां दाखिल मरीजों का हालचाल जाना तथा उन्हें फल वितरित किए। उन्होंने दाखिल मरीजों से नशा न करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नशे से न केवल शारीरिक व आर्थिक नुकसान होता है बल्कि समाज में भी नशा करने वाले व्यक्ति का कोई सम्मान नहीं होता है।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता सुरेश कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा, आर्चरी कोच सुरेन्द्र शर्मा के अलावा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# 'देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री कर रहे काम'

**समालखा ( कुलदीप सिह )**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की गारंटी वैन सोमवार को बाद दोपहर बापौली खंड के गांव रमाल पहुंची । इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार काली रमन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलवाई और उन्हें संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हैं।

# करंट से झुलसी महिलाओं की मदद के लिए सौंपा चेक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। बिजली का** करंट लगने से झुलसी बड़का कुआं मोहल्ला की महिलाओं की आर्थिक सहायता के तौर पर जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने सोमवार को 50 हजार रुपये का चेक सौंप दिया। यह चेक उन्होंने शीला देवी के पति हरीश कुमार को सौंपा। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि गत 29 दिसंबर को नारनौल के पंचायत भवन में जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक चल रही थी। इस बैठक में समिति के चेयरमैन एवं बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला परिवादों का निपटारा कर रहे थे। तभी उनके सम्मुख मोहल्ला बड़ का कुआं की दो महिलाएं हाजिर हुई। इन महिलाओं के हाथ-पैर करंट से झुलस गए थे और यह दोनों महिलाएं चलने फिरने में असमर्थ थी तथा इन्हें परिजन अपनी-अपनी गोद में उठाए हुए थे। तब इन महिलाओं की दयनीय

**उपचार**

**8 जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने सोमवार को 50 हजार रुपये का चेक सौंप दिया**

स्थिति को देखते हुए बिजली मंत्री ने सदन से इनकी आर्थिक मदद की बात कही, लेकिन तब सदन सन्नाटा छा गया था और कोई मदद को खड़ा नहीं हुआ। तब मौके पर मौजूद जजपा के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा सदन में खड़े हुए थे और दोनों महिलाओं के उपचार करने के साथ ही 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की थी। यह दोनों महिलाएं गत दिसंबर को अपने मकान की छत पर कपड़े सूखा रही थी, तब कपड़े झड़काने पर एक महिला शीला देवी को करंट लग गया था, जबकि सास चाची संयोगिता उसे बचाने आई तो वह भी झुलस गई। ईलाज के लिए उन्हें जयपुर तक ले जाया गया, मगर आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह अपना सही उपचार नहीं ले सकी थी। जिस पर जजपा जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा इन परिवार की मदद को आगे आए थे। 50 हजार रुपये का चेक प्राप्त करने उपरांत शीला के पति हरीश ने डा. मनीष शर्मा समेत जजपा की भी सराहना की और कहा कि इस आर्थिक सहायता से उन्हें बहुत सहारा मिलेगा और उपचार में मदद मिलेगी।

# एक-दो-तीन-चार, श्याम बाबा की जय-जयकार... से गूंजा श्याम मंदिर



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्री खाटू श्याम** परिवार सेवा समिति (रजि.), द्वारा स्थापित श्री खाटू श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) में रविवार दिन भर बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने निशान चढ़ाए। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि गांव सिरसमा के शिव मंदिर से खाटू श्याम मंदिर लगभग 12 किलोमीटर तक श्याम भक्तों ने पैदल निशान यात्रा निकाली। श्री खाटू श्याम परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट, सिरसमा और श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति कुरुक्षेत्र के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए इस भव्य निशान यात्रा का संचालन किया। जगह जगह इस निशान यात्रा का स्वागत किया गया। निशान यात्रा में शामिल पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे हाथों में श्याम जी की ध्वज पताकाएं लेकर चले। उत्साहित श्याम भक्तों द्वारा लगाए गए जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सभी श्याम भक्त निशान यात्रा में पंक्तिबद्ध होकर एक-दो-तीन-चार श्याम बाबा की जय-जयकार... और आ गया मैं दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के, लेने आजा खाटू वाले रिंगस के मोड़ पे... आदि भजन गाते हुए चले। श्याम मंदिर पहुंच कर सभी श्याम भक्तों ने दरबार में निशान अर्पित करके संकीर्तन किया। श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा श्याम भक्तों के लिए जलपान व भंडारे की व्यवस्था की। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि वे मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग करें। श्याम गाथा में बताया कि कलयुग में खाटू श्याम जी की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं, इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। अपनी माता को दिए हुए वचन के अनुसार जो भी हार कर इनके दरबार में जाता है, उसकी यें पूरी सुनवाई करते हैं। मंदिर परिसर से सुबह खाटू धाम राजस्थान के लिए बस यात्रा ने प्रस्थान किया। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा, उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, राकेश चौहान, अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, कृष्ण कुमार, शेर सिंह शेरा, नरेश सैनी और ललित अत्री सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

# स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जी.टी.** रोड स्थित आज आई.बी. पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा स्पेशल कैंप के तीसरे दिन का आयोजन किया गया । प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया । आज के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आनंद जी रहे । मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद जी के द्वारा पौधारोपण करवाया गया। कैंप की शुरूआत सरस्वती मां के दीप प्रज्वलन से की गई । उसके पश्चात डॉ आनंद यह बताया कि हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। डॉ आनंद जी के द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों, सफाई अभियान, साक्षरता अभियान के बारे में भी अवगत करवाया गया प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग के द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस कैंप की रूपरेखा बताई। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य और आत्मनिर्भर भारत पर कविताएं भी प्रस्तुत की गई। एन एस एस अधिकारी डॉ जोगेश जी के द्वारा डॉ आनन्द को 2023-24 की एन एस एस की गतिविधियां भी बताई गई। मंच संचालन डॉ पूजा द्वारा किया गया। सायंकालीन सत्र में सुदेश कुमारी, रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत, प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने यह कहा कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है, इसमें हम सबको बहुत सावधानियां बरतनी चाहिए। तत्पश्चात प्रोफेसर माधवी जी के द्वारा स्वयंसेवकों को डिजिटल इंडिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने यह कहा कि डिजिटल इंडिया का उद्देश्य स्वयं डिजिटल साक्षरता, डिजिटल संसाधनों और सहयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बल देना है जो भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने में सामर्थ्य है। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ नीतू और प्रो साक्षी ने अहम भूमिका निभाई। सायंकालीन सत्र में ही डॉ. नरवीर जी ने स्वयं सेवकों को बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता करवाई। खेलकूद आज के समय में सभी के लिए बहुत जरूरी है जिससे उनका शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

# 14 साल बाद हुए खत्री सभा के चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गत दिवस गोविंदपुरी, शमशान घाट (रजि.) खत्री सभा अम्बाला शहर में एक जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सभा के मेंबरों ने शिरकत की। इस सभा में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत सभी खत्री सभा (रजि.) अंबाला शहर के बीच में सभा मेड़ राजपूत धरमशाला,अंबाला शहर में आयोजित की गई। जिसमें खत्री सभा अंबाला शहर का मतदान प्रक्रिया बारे विचार किया गया। मतदान की अध्यक्षता दीपक भोला समाज सेवक द्वारा की गई। सभा में पुरानी कार्यकारिणी समिति के प्रधान द्वारा रद्द कर दिया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सभा के मेंबरों द्वारा संरक्षण के.एस.के वर्मा, प्रधान विजय मेहरा, महामंत्री राजेंद्र मेहता, कैशियर रमन मल्होत्रा को पद दिए गए। इस दौरान खत्री सभा के सभी सदस्य द्वारा खत्री सभा के नवनिर्मित प्रधान विजय मेहरा को अधिकार दिया गया कि बाकी सभा के सदस्यों की कार्यकरणी का चयन अपनी अध्यक्षता में करेंगे।

**चयन**

**8 प्रधान विजय मेहरा को अधिकार दिया गया कि बाकी सभा के सदस्यों की कार्यकरणी का चयन अपनी अध्यक्षता में करेंगे**

# नरेला: मेट्रो की मांग पर केंद्र को अल्टीमेटम










**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति द्वारा संयोजक हेमराज बंसल की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें चौथे फेज में रिठाला से बरवाला बवाना होकर नरेला तक मेट्रो रूट को मंजूरी ने मिलने को लेकर ग्रामीणों ने रोष जताया और ऐसा न होने पर आगामी लोकसभा चुनाव में वोट न करने का फैसला लिया। संगोष्ठी में बवाना, नरेला, बरवाला, रोहिणी क्षेत्र की सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के सैकड़ो प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संगोष्ठी में रिठाला, बरवाला बवाना नरेला मेट्रो रूट को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार को 31 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया और कहा कि इसके बाद क्षेत्र की जनता आगे की रणनीति पर निर्णय लेगी। गौरतलब है कि केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने समिति को दिसंबर माह में ही मंजूरी देने की बात कही थी। संघर्ष समिति के सदस्य दयानंद वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि नरेला बवाना क्षेत्र की जनता पिछले 24 सालों से नरेला तक मेट्रो लाने की मांग कर रही है। लेकिन महज आश्वासन के अभी तक कुछ नहीं मिला।

संघर्ष समिति के संयोजक हेमराज बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी में सभी की उपस्थिति में एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया गया कि अगर 31 जनवरी तक रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट को मंजूरी नहीं मिलती है तो संघर्ष समिति मेट्रो नहीं तो वोट नहीं, सामूहिक उपवास, जंतर मंतर पर प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी व दिल्ली के मुख्यमंत्री के निवास के घेराव आदि करने पर विचार करेगी। जब तक क्षेत्रवासियों को मेट्रो रेल नेटवर्क उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक हमारा संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। संगोष्ठी में भाजपा उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, अलीपुर से निगम पार्षद योगेश राणा, पूर्व डिप्टी मेयर अर्चना दिलीप सिंह, संयोजक हेमराज बंसल, दयानंद वत्स, राजेंद्र सिंघल, एनडी अरोड़ा, अब्बास अली, प्रदीप मंगला, राजेंद्र सिंह पदम, मनोज बंसल, जोगिंदर दहिया, रामनिवास शेरावत, सौरभ खत्री, दीप खत्री, रविंद्र इंद्राज सिंह, अमन कुमार, विजय भारद्वाज, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी अध्यक्ष मोहन भारद्वाज, रणवीर सिंह खत्री प्रधान, डॉ रजनीश गुप्ता, प्रताप दहिया, पवन खत्री(मोनी) अजीत खत्री, समुद्र कडेरा, प्रदीप ठोलेदार, विजय भारद्वाज सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।






## पार्षद अजीत यादव ने करवाई नालों की सफाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा सोमवार को आईटीआई झुग्गी के नालों की समस्या को देखते हुए पार्षद अजीत यादव ने विक्टर छोटी मशीन से आईटीआई झुग्गी के नाले की सफाई करवाई। इस मौके पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

## हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश ने आयोजित किया लोहड़ी मेला





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बुराड़ी इलाके के बिंदल वाटिका में हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश के द्वारा लोहड़ी मेला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित 22वां वार्षिक महोत्सव भी मनाया गया।

इस मौके पर अतिथि के रूप में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब मौजूद रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजको ने सुरेन्द्र खर्ब का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा संरक्षक, खुशहाल शर्मा संयोजक, जगदीश सूद संयोजक, जगदीश सिंह राणा अध्यक्ष, मैनेजर सिंह प्रधान, कुलबीर सिंह राणा महासचिव, अजय ठाकुर कोषाध्यक्ष एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि आज हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश की ओर से बड़ा ही भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मैं इसके लिए कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं।

## ह्रदय घात से बचने को लेकर डॉक्टर ओपी यादव ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुरेश नेताजी की** अध्यक्षता में स्व महेन्द्र सिंह यादव चैरिटेबल व चौधरी परिवार ने नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट ईस्ट ऑफ कैलाश के सीईओ डॉक्टर ओपी यादव का नांगलोई गांव में स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव व क्षेत्रीय विधायक रघुविंद्र सिंह शौकीन का भी स्वागत किया गया।

**ह्रदय घात से बचने लिए विस्तार से दी जानकारी:** डॉक्टर ओपी यादव ने स्वस्थ रहने व ह्रदय घात से बचने के बारे में विस्तार से बताया। तो वहीं अपने स्वागत पर उन्होंने गांव वालों का आभार व्यक्त किया। डॉ. यादव ने कहा आज दिल्ली के वातावरण जिसमें हवा पानी की



शुद्धता को देखते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने बड़े गंभीर शब्दों में कहा आज बच्चों का गर्भावस्था से ही ध्यान रखना जरूरी है। इस अवस्था में जो माता-बहन है उन्हें क्या खाना चाहिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। और परिवार को उनके साथ अच्छे व्यवहार रखने की ओर जोर दिया। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील में पक्का अनाज सलाद देने पर जोर दिया। घरों में पक्का अनाज खाने व शुगर से परहेज रखने पर जोर दिया।

**आवश्यकता से ज्यादा वजन भी है घातक:** डा. यादव ने कहा कि आवश्यकता से ज्यादा वजन भी है घातक। आपका पेट आपकी छाती से बाहर नहीं होना चाहिए। प्रतिदिन घूमने व योग करना अनिवार्य बताया। इन सब पर ध्यान देने से आप ह्रदय घात व अन्य बीमारियों से बच सकते हैं।

इस मौके पर पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि आज दो प्रकार के ऑपरेशन करने पड़ रहे हैं एक शरीर को ठीक करने के लिए। दूसरा दिल्ली देहात व गांव को अधिकार दिलाने के लिए। हम हाउस टैक्स माफ व मालिकाना हक की मांग पिछले दो वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन अभी तक हाउस टैक्स माफ नहीं किया ना ही गांवो को मालिकाना हक दिया गया। ऐसे ही गांवो और देहात की और भी गंभीर समस्या है। जिनके लिए हम सबको मिलकर आने वाले समय में बड़ा ऑपरेशन करने की जरूरत पड़ेगी। इसके तैयार रहना चाहिए। विधायक रघुविंद्र शौकीन ने अपने विधानसभा में किए कार्यों के बारे में सबको बताया और कहा कोई भी कार्य मेरे लिए बताएंगे उसको तुरंत करने का काम करूंगा। आयोजक सुरेश नेताजी ग्राम पंचायत नांगलोई व चौधरी परिवार की तरफ से सभी का धन्यवाद किया। और कहा कि डॉक्टर ओपी यादव गांव वालों के लिए फ्री इलाज भी करते हैं। इसके लिए सभी गांव उनका बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हैं।

## नांगलोई में हुआ शानदार मुशायरा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** नांगलोई स्थित सुरभि स्टूडियो में नवल रश्मि 'एक भोर नई, सुरभि स्टुडियो एवम उर्दू हिंदी एकता अंजुमन' के सौजन्य से एक शानदार कवि सम्मेलन/मुशायरे का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जनाब सीमाब सुल्तानपुरी साहब की रही और मुख्य अतिथि सैयद नज्म इकबाल साहब रहे तो वहीं, सारस्वत अतिथि राजेंद्र कलकल एसीपी दिल्ली पुलिस तथा विशिष्ट अतिथि कुसुम लता सिंह रहे।

प्रथम सत्र में महेश वर्मा दिव्यमणि का संचालन बहुत ही बेहतरीन रहा। भोजनावकाश के पश्चात दूसरे सत्र में शायर असलम बेताब ने संचालन की बागडोर संभाली। जिसमें विशिष्ट अतिथि कुसुम लता सिंह, न्यूरूलेन कैसर कासमी,




शहादत अली निजामी, कोमल वाणी, पुनीत पंचाल, सिकंदर मिर्जा, फखरुद्दीन अशरफ, कुलदीप कौर, रश्मि झा, संजय घायल, भावना अंकित तिवारी, कौशल सोनी फरहत, राजेश प्रभाकर, सुदर्शन शर्मा सुधि, मीना कुंडलियां, लवी सिंह, अरुण शर्मा साहिबाबादी, सुनीता पुनिया, राजीव तनेजा, संजय गिरी, शिव शंकर राजपूत आदि ने अपना शानदार काव्यपाठ किया गया।

## भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा: साहिल यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा दिल्ली प्रदेश** ओबीसी मोर्चा के सोशल मीडिया प्रमुख बनने पर साहिल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा में सोशल मीडिया प्रमुख की जो जिम्मेवारी दी गई है उसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि पार्टी को भरोसा दिलाता हूं की भाजपा की नीतियों व कार्यों को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य करूगां। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के राज में देश तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है।



देश के लोग नई-नई योजनाओं से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर साहिल यादव ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद हंसराज हंस और सुनील यादव का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

## करावल नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल नगर** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने की। इस मौके पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के कारण पड़ रहे गरीब और कमजोर लोगों के जीवन के इस विषय पर चिंता जाहिर की और कहा कि महँगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में भारतीय जनता पार्टी इससे निजात दिलाने के लिए कोई काम नहीं नहीं कर रही। जिसके कारण लोगों की समस्याएं बढ़ती जा रही है अब समय आ गया है इस गूंगी और बहरी सरकार को बदलने का। वहीं, बल्लों पहलवान पूर्व



निगम पार्षद ने कहा कि दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना दिया है, दिल्ली पूरी तरह से गैस चेंबर में बदल हो गई है, ये केजरीवाल जी को उपलब्धि है। इस मीटिंग का आयोजन मदन लाल शर्मा ने किया। इस मौके पर रामनिवास यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, शैलेन्द्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश दीक्षित, सुशीला बघैल, संजय वर्मा, सुजीत सिंह, नसीरुद्दीन मंसूरी, रामवीर वालिया, आरपी गायक पंकज शर्मा, अवधेश पाण्डेय, गौरव शर्मा, सुनीता शर्मा, बलजीत शर्मा, राजबीर सिंह, कन्हैया लाल, मनोज कुमार, रवींद्र डूबे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अपने शीर्ष नेतृत्व के विश्वास को टूटने नहीं दूंगा: इमतियाज अहमद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लंबे इंतजार के** बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई। जिसके अंतर्गत वरिष्ठ पत्रकार इमतियाज अहमद को मीडिया प्रमुख की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। आपको बता दें कि इमतियाज अहमद पेशे से पत्रकार हैं व पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हैं और इससे पहले वो दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रवक्ता के पद पर थे। वहीं भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनकी सहयोगीता और कार्य के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें इस बार अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश का मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है। इस घोषणा के उपरांत मोर्चे के प्रभारी कारी हारून



व अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने इमतियाज अहमद को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इमतियाज अहमद ने कहा की हमने सदैव सभी साथियों के साथ मिलकर काम किया है और सदैव ही पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# ओमप्रकाश धनखड़ एवं पूरन यादव ने गौशाला में गौ संरक्षण के लिए दिए 12 लाख

**समारोह**

**8 - हरियाणा गोसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरनमल यादव भी समारोह में पंहुचे**



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/ झज्जर**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने सोमवार को गांव खेडका गुर्जर स्थित श्रीराम कृष्ण गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान चल रहे तीन दिवसीय 12 वें वार्षिकोत्सव में भागीदारी करते हुए आमजन को गोमाता की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ और गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब ने आयोग की तरफ से गौशाला प्रबंधन कमेटी को करीब 12 लाख रूपए का चेक सौंपा। इस मौके पर धनखड़ ने कहा कि यह कहते हुए और चर्चा करते हुए गौरव व गर्व की अनुभूति होती है कि बादली हलके की जनता ने वर्ष 2014 में मुझे आशीर्वाद देकर विधानसभा में भेजा और पार्टी ने सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद दिया। बादली हलके के आशीर्वाद से मिली कलम की ताकत से पहला कानून गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन का आपके बेटे ने बनवाया। गौशालाओं का बजट कई गुणा बढ़ाया।
पूरे देश में गौमाता की रक्षा के लिए बनाए गए कठोर कानून की प्रशंसा हुई। इसका श्रेय बादली हलके की समस्त जनता जर्नादन को है। कार्यक्रम में पंहुचने पर क्षेत्र की सरदारी और गौशाला प्रबंधन समिति ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ और पूरन यादव लोहचब का यहां जोरदार अभिनंदन किया गया। धनखड़ ने कहा कि खेडका गुर्जर की गौशाला आकर मैं अपने आप को धन्य समझता हूं।
धनखड़ ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गौधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए कृत संकल्प है। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और गौसेवा आयोग प्रभावी रूप से काम कर रहा है। गौसेवा ऐसा कार्य है जिसमें समाज के सहयोग की भी जरूरत होती है। इसलिए समर्थ व सक्षम लोगों को मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है,प्रत्येक नागरिक को अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा निकालकर गौसेवा के लिए दान करना चाहिए। धनखड़ ने अपनी नेक कमाई से दान किया और गौ सेवा आयोग की ओर से 11 लाख 88 हजार 750 रुपए धनराशि का चैक प्रबंधन समिति को सौंपा।

# फरीदाबाद में धूमधाम से मनाया जाएगा 75वां गणतंत्र दिवस समारोह: डीसी

**जिम्मेदारी**

**8 जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने विभागों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की**



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला फरीदाबाद में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के अधिकारियों जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में 75वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आगामी 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाने के लिए सभी अधिकारी अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तालमेल करके उस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दौरान विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियाँ भी तय की।

## संक्षिप्त खबरें

### सिटी बल्लभगढ़ पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देशन में फरीदाबाद पुलिस सराहनीय काम कर रही है। एक तरफ पुलिस की कोशिश है कि फरीदाबाद में क्राइम को लगातार काम करना है वहीं दूसरी तरफ अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना है। इसी कड़ी में थाना शहर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम ने डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल और एसीपी सिटी बल्लभगढ़ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में थाना शहर प्रबंधक निरीक्षक सतीश कुमार के मार्गदर्शन में बनाई गई पीएसआई दीपक कुमार,पीएसआई अजय कुमार मुख्य सिपाही सुभाष की एक टीम उद्घोषित अपराधी पकड़ने के लिए गठित की गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम सलीम है और वह वर्ष 2020 के चोरी के मुकदमे में अदालत से चल रहा है। उपरोक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक उद्घोषित अपराधी जिस पर थाना सिटी बल्लभगढ़ में उद्घोषित अपराधी का एक मुकदमा थाना शहर बल्लभगढ़ में दर्ज है। जो आरोपी सलीम हापुड़ का रहने वाला है। आरोपी सलीम वर्ष 2020 के सिटी बल्लभगढ़ थाने के चोरी के एक मुकदमे में नामजद आरोपी था। आरोपी सलीम अदालत में पेश न होने के कारण अदालत से पीओ घोषित किया गया है जो आरोपी को मुखबर खास की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के द्वारा फतेहपुर सीकरी, आगरा से नियमअनुसार गिरफ्तार किया गया और आरोपी का मेडिकल कराकर अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### *2014 से पूर्व कांग्रेस सरकार में पंचकूला के साथ हुआ भेदभाव जबकि वर्तमान सरकार में पंचकूला उपेक्षित से हुआ विकसित*

**टीम एक्शन इंडिया/ पंचकूला**
हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने आज विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 2014 से पूर्व कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में पंचकूला के साथ हर क्षेत्र में भेदभाव किया गया जबकि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज पंचकूला उपेक्षित से विकसित पंचकूला बन गया है।
श्री ज्ञानचंद गुप्ता आज विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत गांव दबकौरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाईव संबोधन भी प्रसारित किया गया।
*नेताओं की आपसी खिंचतान में पंचकूला विकास से रहा मोहताज, नहीं मिली सरकारी नौकरिया*
*वर्तमान सरकार में पंचकूला से बने 7 एचसीएस और 3 आईएएस*
श्री गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा में खिचतान के चलते पंचकूला विकास का मौहताज रहा और जो परियोजनाएं पंचकूला में आनी थी वह प्रदेश के दूसरे जिलों में चली गई। नौकरियों के मामलें में भी पंचकूला के युवाओं के साथ पक्षपात किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिस क्षेत्र का मुख्यमंत्री होता था उसी क्षेत्र के युवाओं को नौकरियों में वरियता दी जाती थी। ओमप्रकाश चैटाला के समय सिरसा, स्वर्गीय भजन लाल के समय हिसार, स्वर्गीय चैधरी बंसीलाल के समय भिवानी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समय रोहतक के युवाओं को नौकरिया मिली। इसके विपरीत मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवी एक और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश का समान विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान सरकार ने उन क्षेत्रों में भी समान विकास करवाया है जहां विपक्ष के विधायक है। उन्होंने कहा कि सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के परिणामस्वरूप युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के मैरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही है। आज गरीब से गरीब घरों के बच्चें अपनी मेहनत के बल पर बड़ी से बड़ी नौकरियां पा रहे है। श्री गुप्ता ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि एक समय जिस पंचकूला के साथ भेदभाव हुआ उसी पंचकूला से 7 एचसीएस और 3 आईएएस बन कर आए है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व गांव में केवल 7 से 8 घंटे बिजली आती थी। जबकि आज शहरों के साथ साथ गांव और ढाडियों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की पुरानी तारों को नई तारों से बदला गया है।

## क्राइम ब्रांच ने आरोपी को शराब तस्करी करते किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने शराब तस्करी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अनिरुद्ध (20) है जो उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के इस्माइलपुर एरिया में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को ई रिक्शा पर शराब तस्करी करते।

# जिलाधीश ने विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की

**नागरिकता**

**8 जिलाधीशों को ही यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है।**



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज सोमवार को अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान से आए 10 विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है। इन लोगों को दी गई नागरिकताः-आज भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों में अफगानिस्तान से आए 25 वर्षीय संदीप रत्रा, 37 वर्षीय इन्सांत कुमारी, 76 वर्षीय उत्तम चंद, 43 वर्षीय इंदरजीत सिंह, 38 वर्षीय बलजीत कौर तथा पाकिस्तान से आए 68 वर्षीय प्रेम नाथ, 30 वर्षीय माला, 38 वर्षीय अर्जन दास, 16 वर्षीय करिश्मा व 60 वर्षीय प्रेमा कुमारी शामिल हैं।
आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है। देश इन जिलाधीशो को सरकार द्वारा प्रदान की गई है शक्तियांः- देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

# परिवार में संस्कार, संस्कृति रहेगी तभी सनातन धर्म की पुनर्स्थापना संभवः वीरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा समाज के वनवासी एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए सहयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगठन प्रभारी वीरेंद्र जी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त कीए। सेक्टर 11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन के सभागार में आयोजित संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन से विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। महाऋषि वाल्मीकि विकास केंद्र, ज्योति विकास केंद्र, प्रभात विकास केंद्र में अध्ययनरत बालक - बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत समूहनृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य, भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## लावारिस मिले 12 वर्षीय बच्चे के परिजनों की तलाश कर किया उनके हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 10 दिन से लापता एक गुमशुदा बच्चे के परिजनों की तलाश कर बच्चे को सकुशल उन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 7 जनवरी को एक 12 वर्षीय बच्चा लावारिस हालत में आदर्श नगर एरिया में घूमता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस ने बच्चे को बाल कल्याण समिति के माध्यम से फरीदाबाद बाल भवन देखभाल के लिए छोड़ा था।

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की श्रृंखला का जश्न 17 से जनवरी तक : शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के परिवेहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को संस्थान के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में समारोह का कर्टन रेजर जारी किया और वहां उपस्थित युवा वैज्ञानिकों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोसर का भी लोकार्पण किया।
उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ 2023 का विषय "अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच" है। हरियाणा प्रदेश के उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ 2023 के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए जबरदस्त काम के लिए आईआईएसएफ 2023 के आयोजकों को बधाई दी और आईआईएसएफ 2023 को एक शानदार सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद देश और दुनिया में तथा एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में उद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है।

# मोदी नेतृत्व में हो रहा है कुशल भारत का निर्माणः नायब सैनी

**विचार विमर्श**

**8 अध्ययन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत संबंधित विषयों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ।**



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
कुरूक्षेत्र से सांसद एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सोमवार को मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरे की बैठक में शामिल हुए।
अध्ययन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत संबंधित विषयों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को दूर करना, व्यवसायिक और तकनीकी ढांचे का निर्माण करना, कौशल उन्नयन, नए कौशल और नवीन सोच का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से कुशल भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना को साकार करना है।
श्री सैनी ने बताया कि भारत में लगभग 65 प्रतिशत युवा कामकाजी आयु वर्ग के हैं। कौशल विकास ही एक मात्र ऐसा तरीका है जिससे हम जनसांख्यिकीय लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कौशक और ज्ञान आर्थिक विकास की प्रेरक शक्तियां हैं। श्री सैनी ने कहा कि इस बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर अधिक जोर दिया गया है। मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरा के दौरान यह जाना गया है कि किस तरीके से अपने युवाओं को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जा जाए। मुंबई में हुई इस बैठक में देशभर के अनेक नेता उपस्थित रहे।

# सेवा, गरीब कल्याण और सुशासन की गारंटी है पीएम मोदीः धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ झज्जर**
08 जनवरी। सेवा,गरीब कल्याण और सुशासन की गारंटी का नाम पीएम मोदी है। एक-एक लाभार्थी को ढूंढकर योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही जाकर देना मोदी की गारंटी है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बादली हलके के गांव गंगड़वा और लुकसर में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए यह बात कही।
धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अमृत काल में आज की और आने वाली पीढ़ी को मिलकर भारत को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाना है। मोदी ने संकल्प लिया है कि अगले कुछ वर्षों में जर्मनी और जापान को पछाडकर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है।
श्री धनखड़ ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलवाया । पीएम श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश की जनता से संवाद किया,इस प्रसारण को गांव गंगड़वा में मुख्य अतिथि एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना।पीएम मोदी के नेतृत्व में हर पात्र लाभार्थी तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य हुए हैं,आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है,वहीं धुएं से निजात दिलाने के लिए महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से लाभान्वित करने की सराहनीय पहल की गई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले पौने दस वर्षों में बड़े बदलाव हुए हैं,जिनसे हर वर्ग की तरक्की के रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों में अमृतकाल में वर्ष 2047 तक अमेरिका को भी पीछे छोड़ देने की क्षमता है। इसके लिए हम सबको मिलकर मोदी के साथ कार्य करना है।
-- मोदी की गारंटी वैन के साथ हर गांव पहुंच रही अधिकारियों की टीमें
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पंहुच रही है।

# क्राइम ब्रांच 85 ने गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने गांजा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहित है जो फरीदाबाद की भूड कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे सहित ओल्ड फरीदाबाद एरिया से



काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 412 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को ओल्ड थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद भी गांजा पीता है जो नशे की पूर्ति करने तथा पैसे कमाने के लालच में ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से ?6000 में 600 ग्राम गांजा खरीदकर लाया था जिसमें से कुछ गांजा उसने खुद पी लिया और बाकी का गांजा पुड़िया बनाकर बेचने लगा। आज आरोपी गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा था जिसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तारकर अदालत में पेश किया जहां आरोपी के खिलाफ अदालत के आदेश अनुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# पूरा होगा $1 ट्रिलियन का लक्ष्य: योगी

## प्रदेश में तैयार होगा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवारों की आर्थिक स्थिति और इंडस्ट्री का प्रादेशिक इंडेक्स: मुख्यमंत्री

**लक्ष्य**

- 'एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के ।संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2% का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1% रही, जबकि देश की विकास दर 18.4% रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3% वृद्धि दर रही।

### 'पर्यटन सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ'

**होटल/रेस्टोरेंट**, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं वाले तृतीयक खंड में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। पर्यटन सेक्टर से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व विकास हुआ है। 2023 में आई पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है।2022-23 में प्रदेश में 31.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। वाराणसी, मथुरा और अयोध्या इसके प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।

### 'प्रदेश में कुल 40.0 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले'

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40.0 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। यह प्रदेश के आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल लाने वाला होगा। प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों का ही परिणाम है 2017.18 में जहां मात्र 0.89 लाख करोड़ का निर्यात था, वह आज बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है।

# 'प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान'

## सीएम धामी नेदीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**महिला शक्ति**

- डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखंड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं: सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में आयोजित महिला शक्ति एवं नारी सम्मान को समर्पित दीदी-भुली महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्य उत्तराखंड में विकास के रूप में स्पष्ट नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की महिला उद्यमियों ने पारंपरिक उत्पादों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर ये बता दिया है कि प्रदेश के विकास में महिलाओं का योगदान किसी से भी कम नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान में नए कैलेंडर वर्ष 2024 और माघ मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है, उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अमूल्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व की बात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मातृशक्ति के सम्मान में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, महिला पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। इससे पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने मुख्य मुख्यमंत्री को रवांई की हजारों पर पुरानी धरोहर कास्ट कला से निर्मित चौकट की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

**मुख्यमंत्री ने किया कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण:** सिलक्यारा टनल के सफल रेस्क्यू की यादगार स्मृति में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी व उत्तरकाशी पुलिस प्रशासन की प्रकाशित कॉफी टेबल बुक पुस्तक का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकार्पण किया।

**फास्ट न्यूज**


### 'लिंगानुपात प्रदेश में सबसे अधिक, 1000 लड़कों के पीछे हैं 946 लड़कियां'

पलवल: केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पलवल जिला में लिंगानुपात संतुलन करने में बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत जिला में 1000 लड़कों के पीछे प्रदेश में सबसे ज्यादा 946 लड़कियों की संख्या हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान व चिरायु योजना के तहत जिला में अब तक करीब 4 लाख 38 हजार लोगों ने निशुल्क इलाज का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत सभी पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को इस योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गंभीरता से कार्य करें तथा सभी योजनाओं को लक्ष्य व तय समय अवधि अनुसार पूरा करवाएं, ताकि जनता को इसका पूरा फायदा मिल सके।

### पक्के घर और उज्जवला गैस से बदल रही जीवन शैली

रायपुर: छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। गांवों गरीब परिवारों को पक्के घर और उज्जवला गैस के साथ ही बुनियादी सुविधाओं की पहुंच से ग्रामीणों की जीवन शैली में बदलाव आ रहा है। शिविर में 70 वर्षीय महिला ने पारंपरिक सुवागीत चल झूला झूल..गोंदा के फूल गीत गाकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान मिश्रा ने शिविर में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से चर्चा भी की। योजनाओं का लाभ जिनकों मिले हैं, उन्हें बहुत बधाई लेकिन उनकी जिम्मेदारी यह भी है कि वे अपने परिचितों तथा आसपड़ोस को भी इन योजनाओं से जुड़ने, उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बताएं ताकि हर ग्रामीण सशक्त हो और सरकार की मंशा पूरा हो।

# वाइब्रेंट गुजरात में एचएएल दिखाएगा फाइटर जेट



**प्रदर्शनी**

- एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वैश्विक** शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के दौरान विदेशी मेहमानों को भारतीय रक्षा बाजार के प्रति आकर्षित करने के लिए वायु सेना के फाइटर जेट और लड़ाकू हेलीकॉप्टर भी प्रदर्शित किये जाएंगे। गांधीनगर में 9-13 जनवरी तक होने वाले सम्मेलन के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. (एचएएल) भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के साथ स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना 2003 में उस समय की गई थी, जब मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद 20 वर्षों में यह समावेशी विकास, व्यापार सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के लिए सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी 9 जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। दोपहर करीब तीन बजे वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी को सुबह करीब 9.45 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां शाम करीब 5.15 बजे वह ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करने उनके सरकारी निवास पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े अहम मुद्दों और सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई।

# ईडी ने हमला मामले में मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम बं**गाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इकाई ने पिछले सप्ताह उत्तर 24 परगना जिले में छापेमारी के दौरान अपनी टीम पर हुए हमले के बारे में दिल्ली मुख्यालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हमले की घटना में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। उनके कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। यह हमला तब हुआ जब ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी के लिए संदेशखली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर गई थी। रिपोर्ट के आधार पर ईडी मुख्यालय द्वारा हमले की एनआईए जांच की मांग की जा सकती है। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि हमले पर दो पेज की रिपोर्ट भेजी गई है। हमने घटना की छोटी-छोटी बातों का जिक्र किया है और इसके साथ ही हमले के वीडियो भी भेजे हैं।

उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट में उस दिन बशीरहाट पुलिस की भूमिका का भी उल्लेख किया गया है। ईडी ने बताया है कि कैसे वे हमला शुरू होते ही बिना नंबर वाले दोपहिया वाहनों पर घटनास्थल से भागे थे।

### चिल्का झील में रात को दो घंटे तक फंसे रहे केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला को ले जा रही एक नाव रविवार की रात ओडिशा की चिल्का झील में लगभग दो घंटे तक फंसी रही। फंसने के कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय दिशा का सही पता नहीं चल पाया हो, नेटवर्क नहीं मिलने से भी नाव के फंसने की आशंका जताई जा रही है। रात के कारण ऐसा हुआ हो सकता है। इसके बाद प्रशासन की ओर से अन्य जहाज भेजकर मंत्री सहित भाजपा के पदाधिकारियों को यहां से निकाला गया।

# शीतलहर की चपेट में एमपी, हिमाचल से ठंडे रहे भोपाल, रायसेन

**भोपाल:** पूरा मध्यप्रदेश इन दिनों शीतलहर की चपेट में है और कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। पिछले सात दिन से लगातार मौसम ठंडा बना हुआ है। भोपाल और निकटवर्ती जिलों में तो चार दिन से धूप नहीं निकली। सोमवार सुबह भी यहां कड़ाके की ठंड रही। घना कोहरा होने से विजिबिलिटी 10 मीटर रह गई। ग्वालियर, गुना, सागर, रायसेन, उज्जैन समेत कई शहरों में भी ऐसा ही मौसम है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में मालवा समेत आसपास के क्षेत्रों में ओले गिरने का अनुमान जताया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से रविवार को प्रदेश में कहीं बारिश हुई, तो कहीं कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं से भी ठिठुरन बनी रही। स्थिति यह रही कि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला और जम्मू के कटरा से भी ठंडे भोपाल, रायसेन और सागर रहे। वहीं, 11 शहरों में दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।

सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से कोहरा, बारिश और ठंड पड़ेगी। राजधानी भोपाल रविवार को प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा।

# राजस्थान: माउंट आबू का पारा माइनस में

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी और सर्द हवा चलने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश में इन दिनों सर्दी के तीखे तेवर तीखे हैं। नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से देर रात चूरू, झुंझुनूं, अलवर और सीकर में हल्की बारिश हुई। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के सभी जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। उत्तरी भारत में हो रहे हिमपात से पश्चिमी भारत के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू की वादियों को हाड़



कंपकंपा देने वाली ठंड ने अपने शिकंजे में कस रखा है। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस मापा गया। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां सुबह घना कोहरा रहा और बूंदाबांदी भी हुई। सुबह कोटा और झालावाड़ में हल्के बादल छाए रहे। मौसम केंद्र जयपुर ने प्रदेश में आज और कल के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट दिया है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं और अलवर में घना कोहरा रहने के कारण दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहा। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। यहां का अधिकतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां पूरे दिन घना कोहरा रहा और धूप नहीं निकली। यही स्थिति श्रीगंगानगर के

**रामोत्सव** पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण आवारा पशुओं की आश्रय स्थली के तौर पर सिमट कर रह गया था

# वॉटर स्पोर्ट्स ने बनाया 'अयोध्या का बड़ा पर्यटन केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**एक** दृश्य की कल्पना कीजिए...समस्त सृष्टि में सर्वोत्कृष्ट शासन प्रणाली को स्थापित करने वाले निराकार ब्रह्माण्ड नायक श्रीराम के रूप में साकार होने की लीला पूर्ण करने के बाद अब वापस अपने लोक के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। पवित्र सरयू में समाहित होने से पूर्व उन्हें अपने लौकिक चक्षुओं से जी भरकर देख लेने और आखिरी बार उनके पवित्र चरणरज को शीश नवाने के लिए अवधपुरी का भाव-विह्वल विशाल जनसमुद्र नदी किनारे उतर पड़ता है। फिर, प्रभु श्रीराम कुटुंबियों समेत सरयू में लौकिक देह को अंतर्ध्यान कर दिव्य विमान में चढ़कर वैकुंठ जाने से पूर्व



आखिरी बार उस विशाल जनसमुद्र को दर्शन देते हैं। अब जरा सोचिए, सत्य सनातन आस्था की उस पवित्रतम घटना के साक्षी रहे अयोध्या स्थित गुप्तारघाट का पिछले 500 वर्षों के पराभव काल के दौरान कैसा हाल रहा होगा? वह स्थान जिसे श्रीराम ने खुद वैकुंठ गमन के लिए चुना, यह दुर्भाग्य ही है कि सदियों तक उसकी कोई सुध लेने वाला तक नहीं था। मगर, योगी सरकार ने यहां विकास के ऐसे अध्याय की नींव रखी कि आज एक बार फिर गुप्तारघाट अपने उस पुरातन आध्यात्मिक व ऐतिहासिक वैभव को प्राप्त करने साथ ही मॉडर्न सिविक एमिनिटीज से लैस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर पहचान बनाने के लिए उठ खड़ा हुआ है। अब गुप्तारघाट बदहाली नहीं, विकास का द्योतक है और उसकी इस पहचान में इजाफा किया है वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज समेत विकास की तमाम परियोजनाओं ने, जिसके कारण यह अयोध्या के सबसे चहेते सेल्फी व टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर उभरा है।

परिवर्तन क्या होता है, गुप्तारघाट आकर देखिए...: पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्ष 2017 तक गुप्तारघाट केवल कुछ पुराने ऐतिहासिक मंदिरों व साधुओं की तपस्थली के साथ जीर्ण-शीर्ण तट के तौर पर ही सिमट कर रह गया था, जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता था।

